RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 241 | कुशीनगर | शुक्रवार 02 जुलाई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये





### डिजिटल इंडिया के 6 साल पूरेः प्रधानमंत्री ने कहा...

# आज पूरी दुनिया में चर्चा




#### डिजिटल इंडिया से लोगों के काम आसान

*प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस हो, बर्थ सर्टिफिकेट हो, बिजली का बिल भरना हो, पानी का बिल भरना हो, इनकम टैक्स रिटर्न भरना हो, इस तरह के अनेक कामों के लिए अब प्रक्रियाएं डिजिटल इंडिया की मदद से बहुत आसान, बहुत तेज हुई हैं। गांवों में तो ये सब, अब अपने घर के पास CSC सेंटर में भी हो रहा है।*

#### डिजिटल इंडिया भारत का संकल्प है

*मोदी ने कहा कि देश में आज एक तरफ इनोवेशन का जूनून है तो दूसरी तरफ उन इनोवेशंस को तेजी से एडॉप्ट करने का जज्बा भी है। इसलिए डिजिटल इंडिया, भारत का संकल्प है। डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत की साधना है। डिजिटल इंडिया 21वीं सदी में सशक्त होते भारत का जयघोष है।*

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को डिजिटल इंडिया स्कीम 6 साल पूरे होने पर इसके लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की। मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया यानि सबको अवसर, सबको सुविधा, सबकी भागीदारी। डिजिटल इंडिया यानि सरकारी तंत्र तक सबकी पहुंच। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में जो डिजिटल सॉल्यूशंस भारत ने तैयार किए हैं, वो आज पूरी दुनिया में चर्चा और आकर्षण का विषय हैं। देश के कोविन ऐप में अनेक देशों ने दिलचस्पी दिखाई मोदी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग ऐप में से एक आरोग्य सेतु से कोरोना संक्रमण को रोकने में बहुत मदद मिली है। टीकाकरण के लिए भारत के कोविन ऐप में भी अनेकों देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। वैक्सीनेशन की प्रक्रिया के लिए ऐसा मॉनिटरिंग टूल होना हमारी तकनीकी कुशलता का प्रमाण है। डिजिटल इंडिया से लोगों के काम आसान हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस हो, बर्थ सर्टिफिकेट हो, बिजली का बिल भरना हो, पानी का बिल भरना हो, इनकम टैक्स रिटर्न भरना हो, इस तरह के अनेक कामों के लिए अब प्रक्रियाएं डिजिटल इंडिया की मदद से बहुत आसान, बहुत तेज हुई हैं। गांवों में तो ये सब, अब अपने घर के पास ॆब सेंटर में भी हो रहा है। डिजिटल इंडिया भारत का संकल्प है मोदी ने कहा कि देश मेंआज एक तरफ इनोवेशन का जूनून है तो दूसरी तरफ उन इनोवेशंस को तेजी से एडॉप्ट करने का जज्बा भी है। इसलिए डिजिटल इंडिया, भारत का संकल्प है। डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत की साधना है। डिजिटल इंडिया 21वीं सदी में सशक्त होते भारत का जयघोष है।



**हिमाचल प्रदेश की कमरुनाग झील अपने भीतर कई रहस्य छिपाए हुए है। कहा जाता है कि इस झील के भीतर अरबों-खरबों रुपयों का खजाना छिपा हुआ है, जिसे कोई भी निकालने की कोशिश नहीं करता है। हिमाचल प्रदेश काफी खूबसूरत जगह है। यहां के पहाड़, पर्वत और बर्फीली वादियां अक्सर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहती हैं।**

## भाजपा के पूर्व सांसद शरद त्रिपाठी का निधन

देवरिया,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर नगर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद रहे तथा देवरिया के सांसद रमापतिराम त्रिपाठी के बेटे शरद त्रिपाठी (50) का गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में बीती देर रात निधन हो गया। श्री त्रिपाठी लीवर की समस्या से लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वह गोरखपुर में धर्मशाला इलाके में परिवार के साथ रहते थे। तबीयत खराब होने के बाद पूर्व सांसद को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव वह संतकबीरनगर संसदीय क्षेत्र से जीते थे जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले ही उनका संतकबीरनगर के मेंहदावल सीट से भाजपा विधायक राकेश सिंह बघेल से विवाद हो गया था।

## बीएसएनएल हिमाचल के दूर-दराज में नई सौर बैकअप तकनीक अपनाएः हाईकोर्ट

शिमला,(एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने आदिवासी क्षेत्रों को वर्चुअल मोड के माध्यम से करीब लाते हुए सरकार के स्वामित्व वाली बीएसएनएल को पुरानी सौर बैक अप तकनीक को बदलने का निर्देश दिया है, ताकि दूर-दराज क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण अपर्याप्त बैंडविड्थ की समस्या का समाधान किया जा सके। न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बरोवालिया की खंडपीठ ने कहा, हमें बीएसएनएल के अधिकारी द्वारा सूचित किया गया है कि भले ही उनके पास सौर बैकअप है, लेकिन यह पुरानी और अप्रचलित तकनीक पर आधारित है जिसमें लीड एसिड बैटरी का उपयोग किया जाता है। मामले को अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई को सूचीबद्ध करते हुए न्यायाधीशों ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि अपर्याप्त बैंडविड्थ औरध्या ब्रॉडबैंड सिग्नल के प्रमुख मुद्दों में से एक राज्य के पिछड़े और दूर-दराज के क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति है, विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्र में। दिए गए परिस्थितियों में, हमारा विचार है कि पुरानी और पुरानी तकनीक को धीरे-धीरे समाप्त करने की आवश्यकता है और बैटरियों को चरणबद्ध तरीके से नवीनतम तकनीक से बदलने की आवश्यकता है। अदालत ने बीएसएनएल को 191 टावरों के संबंध में नवीनतम सौर पैनल स्थापित करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया।

# अखिलेश के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री योगी ने फोन करके दी बधाई



लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव को फोन करके जन्मदिन की बधाई दी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव का एक जुलाई को जन्मदिन है। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा दिल दिखाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को फोन पर बात कर जन्मदिन की बधाई दी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने उनके जन्मदिन पर बधाई को लेकर एक ट्वीट भी किया है। उन्होंने ट्वीट किया है कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई। प्रभु श्री राम से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने इस बार कार्यकर्ताओं से अपने जन्मदिन को सादगी से मनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि कोरोना काल में कार्यकर्ता प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सादगी से मनाएं। बावजूद इसके लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी मुख्यालय पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में बधाई के होर्डिंग्स लगाए हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म एक जुलाई 1973 को इटावा के सैफई में हुआ है। वह सबसे कम आयु के मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड कायम कर चुके हैं। वह 38 वर्ष की उम्र के उत्तर प्रदेश के 20वें मुख्यमंत्री बने। आजमगढ़ से सपा के सांसद पहले विधान परिषद सदस्य भी थे। इससे पूर्व वह लगातार दो बार कन्नौज से सांसद थे। समाजवादी पार्टी के संरक्षक तथा संस्थापक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव ने 2012 के उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में अपनी पार्टी का नेतृत्व किया। उनकी पार्टी को राज्य में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद, 15 मार्च 2012 को उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## नड्डा, शाह ने डॉक्टरों और चार्टर्ड एकाउंटेंट का किया अभिवादन

नई दिल्ली,(एजेंसी)। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंटों को डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स दिवस की बधाई दी। डॉक्टरों को सलाम करते हुए नड्डा ने ट्वीट किया, डॉक्टर्स डे पर, मैं सभी डॉक्टरों को उनके चौबीसों घंटे प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। डॉक्टरों को कोरोना महामारी से लडने में उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए हमारा आभार। राष्ट्र आपके व्यावसायिकता और समर्पण की प्रशंसा करता है और सलाम करता है। डॉ बीसी रॉय, एक प्रतिष्ठित चिकित्सक को मेरी श्रद्धांजलि। एक ट्वीट में, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, डॉक्टर बनना मानव जाति की सेवा करने का संकल्प है। नेशनल डॉक्टर्स डे, हम अपने साहसी डॉक्टरों के प्रयासों को सलाम करते हैं, जिन्होंने बाधाओं के बावजूद मानवता की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हमने समाज के प्रति उनके निस्वार्थ प्रयासों को देखा है। चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को बधाई देते हुए, नड्डा ने ट्वीट किया, राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर, हम भारतीय अर्थव्यवस्था को सही दिशा में चलाने के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के पूरे पेशेवर समुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। जैसा कि श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा, सीए देश की अर्थव्यवस्था के वास्तुकार हैं। शाह ने एक ट्वीट में कहा, सीए दिवस पर, मैं पूरी सीए बिरादरी को बधाई देता हूं।



## एनआईए ने ट्रेन में विस्फोट की साजिश रचने वाले लश्कर के 2 आतंकी पकड़े

नई दिल्ली,(एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि उसने हैदराबाद से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने पाकिस्तान के निर्देश पर चलती ट्रेन में विस्फोट की साजिश रची थी। इनकी तलाश बिहार के दरभंगा रेलवे स्टेशन पर हुए बम विस्फोट की जांच के सिलसिले में की जा रही थी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी ने इमरान मलिक उर्फ इमरान खान और मोहम्मद नासिर खान उर्फ नासिर मलिक को गिरफ्तार किया है, जो दोनों हैदराबाद जिले के नामपल्ली में रह रहे थे। दोनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश के शामली जिले के रहने वाले हैं। मामला 17 जून को दरभंगा रेलवे स्टेशन पर एक पार्सल के विस्फोट से संबंधित है। पार्सल सिकंदराबाद में बुक किया गया था और सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस द्वारा पहुंचा था। एनआईए ने 24 जून को जांच अपने हाथ में ली थी। अधिकारी ने कहा कि अपराध स्थल का दौरा करने के बाद और एनआईए की जांच टीम द्वारा प्राप्त इनपुट के आधार पर, ऊपर वर्णित आरोपी व्यक्तियों को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष गुर्गों द्वारा पूरे भारत में आतंकी कृत्यों को अंजाम देने और जान-माल को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने की साजिश रची गई थी। लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए, नासिर खान और उनके भाई इमरान मलिक ने एक आग लगाने वाला आईईडी बनाया था और इसे कपड़े के एक पार्सल में पैक किया था और सिकंदराबाद से दरभंगा तक लंबी दूरी की ट्रेन में बुक किया था। अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य एक चलती हुई यात्री ट्रेन में विस्फोट और आग लगाना था, जिसके परिणामस्वरूप जान-माल का भारी नुकसान हुआ। अधिकारी ने कहा, नासिर खान ने 2012 में पाकिस्तान का दौरा किया था और लश्कर के संचालकों से स्थानीय रूप से उपलब्ध रसायनों से आईईडी बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया था।



### गुलशन कुमार मर्डर केस मामलाः

# हाईकोर्ट ने बरकरार रखी रऊफ मर्चेंट की उम्रकैद

#### रमेश तौरानी के खिलाफ सबूत नहीं, महाराष्ट्र सरकार की अपील खारिज

मुंबई,(एजेंसी)। टी-सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार हत्या मामले से जुड़ी याचिका पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। इसमें मर्डर के एक दोषी अब्दुल रऊफ उर्फ दाऊद मर्चेंट की सजा को बरकरार रखा गया है। अब्दुल रऊफ अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का साथी है। उसे सेशन कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई थी।

हाई कोर्ट ने साफ कहा कि अब्दुल रऊफ किसी तरह की उदारता का हकदार नहीं है क्योंकि वह पहले भी पैरोल के बहाने बांग्लादेश भाग गया था। वहीं रमेश तौरानी को मामले में बरी कर दिया गया है। कोर्ट को उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसीलिए तौरानी के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका को खारिज कर दिया गया। जस्टिस जाधव और बोरकर की बेंच ने इस केस का फैसला सुनाया। गुलशन कुमार की हत्या से जुड़ी कुल चार याचिकाएं बॉम्बे हाई कोर्ट में आई थीं। इसमें तीन अपील रऊफ मर्चेंट, राकेश चंचला पिन्नम और राकेश खाओकर को दोषी ठहराए जाने के खिलाफ थीं। मर्चेंट को गुलशन कुमार हत्या के केस में दोषी ठहराया था, अब कोर्ट ने उसकी सजा को बरकरार रखा है। गुलशन कुमार मर्डर केस में एक अन्य आरोपी अब्दुल राशिद को बॉम्बे हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया है। उसे पहले सेशन कोर्ट ने बरी कर दिया था। दाऊद के गुर्गे अब्दुल रशीद को बॉम्बे हाईकोर्ट ने दोषी ठहराए हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### 16 गोलियों से हुआ अंत

- अबु सलेम ने गुलशन कुमार से मांगी 10 करोड़ की फिरौती
- सलेम ने अब्दुल रऊफ और विनोद जगताप को दिया हत्या का कांट्रेक्ट
- 12 अगस्त 1997 को तीन हत्यारों ने गुलशन को 16 गोलियां मारी



हिन्दी दैनिक **अमित रेखा** 2 कुशीनगर शुक्रवार, 01 जुलाई 2021

# कानपुर में रेप के बाद बच्ची को जिंदा फूंक डाला

कानपुर। कानपुर देहात में रेप के बाद 12 साल की बच्ची को जिंदा फूंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। बच्ची की लाश घर से 200 मीटर की दूरी पर बगीचे में आधी जली हुई मिली है। बच्ची के शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। मौके पर ।क्ळ भानु भास्कर और प्ळ मोहित अग्रवाल पहुंच गए हैं। मामले में गांव वालों से पूछताछ भी की जा रही है।

घर के बाहर सो रही थी बच्ची

मामला कानपुर देहात के मंगलपुर के जैतापुर गांव का है। गांव में रहने वाले एक किसान की 12 साल की बेटी बुधवार की रात घर के बाहर चारपाई पर सो रही थी। बगल में ही दूसरी चारपाई पर बच्ची की दादी भी सो रहीं थी। परिजनों का कहना है कि सुबह जब सभी उठे तो बच्ची नहीं दिखाई दी। आस–पास तलाशी शुरू हुई तो घर से 200 मीटर की दूरी पर अमरूद के बगीचे में बच्ची की अधजली लाश मिली। बच्ची के शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। बगल में एक चारपाई भी मिली। बताया जाता है कि दरिंदों ने चारपाई पर रेप किया और खुद बचने के लिए बच्ची को वहीं जला दिया।

जांच में जुटी पुलिस और फॉरेंसिक टीम

मामले की जानकारी मिलते ही ौच घनश्याम चौरसिया और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को गांव के खड़ंजा मार्ग पर एक खाट मिली जो थोड़ी सी जली हुई है। माना जा रहा है कि हत्यारों ने बच्ची को अगवा कर इसी खाट पर जलाया और शव को बाग में फेंक दिया। ौच ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से काफी कुछ स्पष्ट होगा। किसी ज्वलनशील केमिकल या पेट्रोल को डालकर बच्ची को जलाया गया है। क्राइम सीन देखकर वारदात में किसी नजदीकी का हाथ लग रहा है। पहचान छिपाने के लिए बच्ची की हत्या की गई है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा होगा।

क्या कहते हैं जिम्मेदार ?

प्ळ रेंज मोहित अग्रवाल ने बताया कि बच्ची का अधजला शव उसके घर से कुछ दूर बाग में मिला है। परिजनों ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। हत्याकांड का खुलासा करने के लिए कई टीमों को लगाया गया है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करने के साथ ही आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।





## स्कूल खोले जाने के पक्ष में नहीं अभिभावक

बांदा माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूलों को खोलने का रास्ता फिलहाल साफ नहीं हुआ है। कोरोना संक्रमण में स्कूल खुलने को लेकर हुए सर्वे में ज्यादातर अभिभावक भी स्कूल खोलने के पक्ष में नहीं है। पिछले दिनों हुए सर्वे में महज 4 फीसदी अभिभावकों ने ही स्कूल खोले जाने पर अपनी सहमति व्यक्त की थी। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को एक पत्र मिला था। इसमें स्कूल खोलने या न खोलने को लेकर कक्षा 9 से 12 तक के छात्र–छात्राओं के अभिभावकों की राय लेकर सर्वे रिपोर्ट भेजनी थी। सर्वे में सिर्फ 4 फीसदी अभिभावकों ने स्कूल खोले जाने पर सहमति व्यक्त की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद सिंह ने बताया कि जिले में 80 हजार छात्र–छात्राएं कक्षा 9 से 12 तक पंजीकृत हैं। इनमें से महज 3 हजार छात्र–छात्राओं के माता–पिता ने सहमति दी है।

## अधांव गांव में अब सफाई अभियान

बांदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में जनपद के अधांव गांव में मेड़बंदी की सराहना किए जाने के बाद इस गांव के बाशिंदों में जोश और जागा है। मेड़बंदी के साथ अब गांव में सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गांव के बजरंग बली आश्रम में सफाई कर्मी और ग्रामीणों ने एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया। गांव के कार्यकर्ता रामबाबू तिवारी भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के उत्साहवर्धन से गांव के लोगों में और जज्बा जागा है। आश्रम के स्वामी सीताराम दास महाराज ने कहा कि जहां सफाई होती है वहां भगवान का वास होता है। घर और गांव को साफ–सुथरा रहना चाहिए। गांव के युवक सुशील, राजाराम यादव, देवनाथ, स्वामी सीताराम, संजय तिवारी, राजा भइया, बाबूलाल, राधेरमण, भोला यादव, ब्रजकिशोर दीक्षित, बाबूलाल परिहार भी शामिल रहे।

## फरार हत्यारोपियों के घर कुर्की नोटिस चस्पा

बांदा जबरापुर में पांच माह पूर्व जितेंद्र उर्फ छोटा सोनी की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के घर न्यायालय द्वारा जारी कुर्की नोटिस चस्पा कर दिया है। पुलिस कुर्की की तैयारी में है। फतेहगंज थाना क्षेत्र के जबरापुर गांव का जितेंद्र उर्फ छोटा सोनी फरवरी माह में दुकान से घर जा रहा था। तभी गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट अज्ञात में दर्ज हुई थी। लेकिन विवेचना के दौरान पुलिस को कई नाम प्रकाश में आए। चितरा गोकुल (कर्वी) निवासी आशीष उर्फ दस्सा पटेल, जदुआ सिमरिया (रीवां, एमपी) निवासी रवि उर्फ आकाश, बघोलन (फतेहगंज) निवासी छोटा उर्फ रामदयाल को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। इसी मामले में आरोपी कामतन (नया गांव, एमपी) निवासी अरविंद उर्फ छोटा त्रिपाठी व अंकुर गौतम फरार हैं। पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी कुर्की वारंट आरोपियों के घर में चस्पा किया है। फतेहगंज थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने बताया कि जल्द आरोपियों की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट बरामद

उरई/जलौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी नंदनी (19) दादी रामजानकी के साथ घर पर अकेली रहती थी। माता पिता की मौत के बाद वह दादी के साथ ही गांव में रहती थी। बुधवार की रात उसने दादी के साथ खाना बनाया और खाना खाकर सो गई। सुबह जब दादी की नींद खुली तो उन्होंने रोज की तरह नातिन को जगाने के लिए आवाज लगाई। जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो नातिन का शव छत के कुंडे से रस्सी के फंदे पर झूल रहा था। दादी ने आवाज लगाकर आसपास के लोगों को बुला लिया और उसके शव को उतारा। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस के साथ नाना परशुराम निवासी बरखेरा कालपी को दी। दरोगा बलराम शर्मा ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, पुलिस को नंदनी देवी का लिखा हुआ सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने स्वेच्छा से अपनी जीवन लीला समाप्त करने की बात कही है। इसके लिए घरवालों को तंग न करने की भी बात कही। ग्रामीणों की माने तो नंदनी काफी समय से बीमार भी थी। शायद उसने बीमारी से तंग आकर सुसाइड किया हो। कोतवाल सुनील कुमार ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है। उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत करंट से मरी किसान की भैंस

उरई/जलौन कोंच क्षेत्र के ग्राम बरसेसी में विद्युत करंट से एक भैंस की मौत हो गई। कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए ग्राम बरसेसी निवासी शिवम यादव ने बताया कि 28 जून को दोपहर में भैंस चरने के लिए गई थी। तभी जमीन में लगे बिजली के तार अर्थ से चिपककर भैंस की मौत हो गई। शिवम ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पॉक्सो एक्ट में एफआईआर

उरई/जलौन मोहल्ला गोखलेनगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 28 जून को 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को मोहल्ले का ही युवक पिंकी बहला फुसलाकर भगा ले गया। खोजबीन करने के बाद भी बेटी का अब तक पता नहीं चल सका है।

## अब्दुल कय्यूम व वीर अब्दुल हमीद जयंती पर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया

कानपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक अब्दुल कय्यूम अंसारी के 116वां जन्मदिन व वीर अब्दुल हमीद के 88वां जन्मदिन के अवसर पर चमनगंज में उ०प्र० कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर जन्मदिन पर राष्ट्रीय एकता व मुस्लिम समाज को शिक्षा के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया। उ०प्र० कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के स्टेट कोआर्डिनेटर मंडल प्रभारी इखलाक अहमद डेविड ने अब्दुल कय्यूम अंसारी व वीर अब्दुल हमीद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको खिराज ए अकीदत पेश की वक्ताओं ने विचार संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब्दुल कय्यूम अंसारी देशभक्त, साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक, देश का विभाजन करने वाले जिन्ना के प्रबल विरोधी थे वो मुस्लिम लीडर होने के बावजूद मुस्लिम लीग के खिलाफ खड़े हुए देश की एकता अखंडता मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। अब्दुल कय्यूम अंसारी भारत के अमर सपूत थे देश की एकता अखंडता और समाज की प्रगति के लिए हमेशा चिंतित थे पसमांदा समाज के लिए उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए उन्हे फक्र ए कौम, बाबा ए कौम की उपाधि से नवाजा गया। देश के प्रथम राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की स्थापना में उनकी अतुलनीय भूमिका रही। भारत के सर्वोच्च सेना सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद ने 1965 के युद्ध में अपने साहस व शौर्य के बल पर जीप से पाकिस्तान के आठ अपराजेय पैटन टैंकों के परखच्चे उड़ाकर पाकिस्तान के होश ठिकाने लगा दिये थे उनके साहस और देशभक्ति प्रेरणादायक है। अब्दुल कय्यूम अंसारी व वीर अब्दुल हमीद के कार्यों से प्रेरणा लेकर ही देश व मुस्लिम समाज का उत्थान हो सकता है उसके लिए शिक्षा को मजबूत करने के लिए शिक्षा का प्रचार–प्रसार करने के साथ कड़ी मेहनत करने का संदेश को फैलाना होगा। विचार गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने अब्दुल कय्यूम अंसारी व वीर अब्दुल हमीद को उनके कार्यो के लिए सलाम किया संगोष्ठी का संचालन पार्षद मोहम्मद आमिर खान ने किया। विचार गोष्ठी में इखलाक अहमद डेविड, पार्षद मोहम्मद आमिर खान, अंसार हुसैन अंसारी, रिजवान अंसारी, इसरार अहमद, आदिल सिद्दीकी, एजाज रशीद, नौशाद अहमद, महफूज अंसारी, लवकेश, अमित गुप्ता, मोहम्मद जुबैर, तरुन, मोहम्मद इस्माईल, शानू खान, मोईन खान, मोहम्मद रेहान, शादाब अहमद, मोनू खान, मेराज अंसारी आदि लोग मौजूद थे।





## निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा

उन्नाव। माननीय उच्चतम् न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के तत्वावधान में श्री सैय्यद माऊज बिन आसिम जिला जजध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव की अध्यक्षता में दिनांक 10.07. 2021 को प्रातः 10.00 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर उन्नाव तथा न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)ध्न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरवा, हसनगंज, सफीपुर, कलेक्ट्रेट भवन, न्यायालय सहायक श्रमायुक्त तथा जनपद की समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित है जिसमें दीवानी, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक, आपराधिक, राजस्व व चकबन्दी, श्रम, शमनीय आपराधिक वाद, पराक्रम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली के वाद, भू राजस्व अधिनियम, विद्युत एवं जल बिलों से सम्बन्धित वाद एवं अन्य ऐसे अन्य समस्त वाद जिनका निस्तारण किया जाना संभव हो, निस्तारण किया जायेगा। श्री रघुवंश मणि सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के द्वारा यह जानकारी दी गयी कि दीवानी न्यायालय परिसर उन्नाव में आयोजित द्विमासिक राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्य प्रकृति के वादों का निस्तारण करने के साथ बैंक अधिकारियों के सहयोग से बैंक ऋण वसूली के प्रिलिटीगेशन मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। राजस्व एवं चकबन्दी वादों का निस्तारण सम्बन्धित न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। पुरवा, हसनगंज, सफीपुर, न्यायालय में लम्बित व नियत वादों का निस्तारण न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरवा, हसनगंज, सफीपुर के द्वारा सम्बन्धित अदालतों में ही किया जायेगा।



## संचारी रोग जागरूकता के क्रम में विद्यालय में शपथ दिलायी गयी

बहराइच। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राजेंद्र कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार संचारी रोग जागरूकता के अवसर पर विद्यालय हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज प्रधानाचार्य श्री डॉ.घनश्याम लाल श्रीवास्तव जी के निर्देशन में संचारी रोग संबंधित जागरूकता शपथ दिलाई गई। संचारी रोगों की रोकथाम के क्रम में शासन के निर्देशानुसार विद्यालय प्रधानाचार्य श्री डॉ.घनश्याम लाल श्रीवास्तव की उपस्थिति में शिक्षक श्री ज्ञान चंद कनौजिया ने उपस्थित छात्र–छात्राओं, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियो को शपथ दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री डॉ.घनश्याम लाल श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संचारी रोग नाना प्रकार से शरीर के पूरे सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है। संचारी रोगों के रोकथाम के क्रम में सबसे ज्यादा आवश्यक है विभिन्न संचारी रोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करके जागरूक रहना तथा दूसरों को भी जागरूक करना एवं आसपास किसी के किसी भी प्रकार व्यक्ति को संचारी रोग से ग्रसित होने पर निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कर्मियों को सूचना देकर त्वरित गति से उपचार कराने में सहायता करना। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक श्री वी.पी.सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय विद्यालय प्रधानाचार्य श्री डॉ घनश्याम लाल श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य श्री तेज नारायण, प्रशासनिक अधिकारी श्री आनन्द कुमार सिंह, वरिष्ठ लिपिक श्री दिनेश कुमार सिंह, शिक्षक श्री ज्ञानचंद कनौजिया, श्री राम शंकर सरोज, श्री वी.पी.सिंह, श्री नीलेन्द्र विक्रम सिंह, श्री अखिलेंद्र चौधरी, श्री ध्रुवराज सिंह, श्री रंजीत कुमार वर्मा, श्री मोहम्मद हारुन, श्री सुरेन्द्र कुमार, श्री अजीत कुमार सिंह, शिक्षिका श्रीमती उमा देवी वर्मा, श्रीमती रीता सिंह, श्रीमती विन्दु, श्रीमती बबिता रानी श्रीवास्तव, व्यवसायिक शिक्षक श्री सम्पूर्णानंद गुप्ता, श्री कमलेश कुमार सिंह, श्री नृपेन्द्र प्रताप सिंह, वित्तविहीन शिक्षक श्री निरंकार सिंह, श्री शेखर श्रीवास्तव, श्री मनोज कुमार वर्मा, श्री शिव कुमार सिंह, श्री भरत जी अवस्थी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्री कमरुद्दीन, श्री राजमल, श्री अशोक कुमार पाठक, श्री विजय प्रताप सिंह, श्री मंजुलम मिश्रा, श्री दिनेश कुमार, श्री राम कृपाल यादव, श्री अनिल कुमार, श्री गौरव सिंह, श्री रमेश यादव, श्री राम सूरत आदि सहित शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### गृहकलह से तंग मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

उरई/जलौन गृहकलह के चलते कुठौंदा निवासी मजदूर युवक ने हुक में चादर बांधकर आत्महत्या कर ली। सुबह पत्नी ने फंदे से लटके पति को देखते ही चीख पड़ी। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ रेंढर शैलेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर आई नहीं है, जांच की जा रही है। रेंढर थाना क्षेत्र के गांव कुठौंदा निवासी मजदूर युवक गोलू प्रजापति (22) मंगलवार को ससुराल ब्लॉक कदौरा के ककरू गांव से पत्नी प्रीति को विदा कराकर घर लाया था। बुधवार किसी बात को लेकर पिता–पुत्र में कहासुनी हो गई। गोलू खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। देर रात गोलू ने चादर को हुक में बांधकर खुदकुशी कर ली। सुबह पत्नी कमरे में पहुंची तो गोलू को फंदे पर लटकता देख चीख पड़ी। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बिजली कटौती से भीषण गर्मी में बिलबिलाएं लोग

उरई/जलौन बिजली की कटौती से भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। बिना पंखे और बत्ती के घरों में बैठे लोग भी पसीने–पसीने हो रहे हैं। बिजली की आवाजाही से रातों की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। बताते चलें कि शासन ने नगर क्षेत्र में 22 घंटे व ग्रामीण क्षेत्र में 20 घंटे बिजली आपूर्ति का स्पष्ट निर्देश दिया है। बावजूद इसके दिन हो या रात बिजली नहीं मिल रही है। नगर हो या गांव सभी जगह के लोगों को परेशानी होती हैं। नगर के शिवकुमार गुप्ता, विपुल कुमार, खुर्शीद, संदीप, दीपू, सुखवीर आदि लोगों ने कहा कि यदि कोई बिजली न आने की जानकारी लेना चाहते हो बिजली विभाग के अधिकारी ओर कर्मी फोन भी नहीं उठाते हैं। यह बात और है कि यदि बिल समय से जमा नहीं हो पाता तो विभाग तत्परता दिखाते हुए कनेक्शन जरूर काट देता है। बिजली न होने से लोगों को पानी के लिए भी भटकना पड़ रहा है। अधिकांश हैंडपंप पहले से ही खराब हैं। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि अचानक ब्रेक डाउन लिए जाने के कारण भी संकट पैदा हो जाता है। बारिश होते ही स्थिति भी सामान्य हो जाती है।

### भाजपा युवा मोर्चा के बरबर मण्डल अध्यक्ष शिवम मिश्रा की कोरोना बचाव के लिए अहम पहल ।

लखीमपुर खीरी। कोविड 19 जैसी भयंकर वैश्विक महामारी में बचाव के लिए टीकाकरण अति आवश्यक है। इस महामारी को खत्म करने का एकमात्र उपाय सभी लोगों का टीकाकरण होना जरूरी है कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अति आवश्यक है। इस महामारी को खत्म करने का एकमात्र उपाय सभी लोग वैक्सीन जरूर लगवाएं । जनपद लखीमपुर खीरी जिले की 144 मोहम्मदी विधानसभा के बरबर मण्डल अध्यक्ष शिवम मिश्रा की नई पहल पर शत–प्रतिशत टीकाकरण रजिस्ट्रेशन को लेकर ग्राम बरखेरिया जाट में निकट शिवाला तिराहे के पास कैंप का आयोजन किया । इसी क्रम में बुधवार को कैंप में 100 से अधिक लोगों ने कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया । भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवम मिश्रा के नेतृत्व में लगाए गए कैंप में दोपहर से शाम तक लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि 18 वर्ष से 45 वर्ष के सभी लोगों का टीकाकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पुरुष व महिलाएं आधार कार्ड लेकर आएं और वैक्सीन लगवाएं। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ने सभी लोगों से अपील की है सभी लोग टीका अवश्य लगवाएं और अपने परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों को टीका लगवाकर कोरोना से राष्ट्रहित की रक्षा में अहम भूमिका निभाएं। कैंप शिविर में भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष शिवम मिश्रा,मण्डल अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, कमल सिंह, विमलेश अवस्थी, आदि भाजपा कार्यकर्ता ।मौजूद रहे ।

### क्षेत्र के अपराधियों पर पैनी नजर रखें पुलिस कर्मी

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में चौकी प्रभारियों, हल्का प्रभारी, विवेचकों व बीट आरक्षी के साथ बैठक की। इस दौरान टॉप टेन अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने और बीट प्रभारियों को बीट की अघतन सूचनाओं से लैस रहने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक नें कहा कि सभी जिम्मेदार अपने क्षेत्र के अपराधियों पर नजर रखें। इसके साथ ही डीजीपी परिपत्रों के अनुसार बीट क्षेत्र के सभी विवादों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट प्रणाली की समीक्षा कर निर्देश गया कि बीट दिये कि प्रभारी व बीट आरक्षी अपने बीट की संपूर्ण जानकारी व अपराध तथा अपराधियों के बारे में अघतन जानकारी रखें। गांव में निरंतर भ्रमण कर विवादों के प्रभावपूर्ण समाधान के लिए कार्य किया जाए। इसके साथ ही एसपी नें उनकी समस्याओं से सम्बन्धित जानकारी की।

### सपाइयों ने उत्साह से मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। कई जगह सपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत कर विधानसभा चुनाव में सपा सरकार बनाने का संकल्प लिया। युवजन सभा के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव विवेक यादव ने फ्रंटल संगठन के सभी निवर्तमान अध्यक्ष ओं के साथ अपने निवास पर स्थित समाजवादी कुटिया में अखिलेश यादव जी का जन्मदिन मनाया। सभी ने एकजुट होकर के 2022 में उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। विवेक यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी तमाम शासन–प्रशासन की शक्तियों को का इस्तेमाल करके समाजवादियों को प्रताड़ित कर रही है, इसका जवाब 2022 में जनता अवश्य देगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एससी–एसटी सर्वेश अंबेडकर, यूनुस अंसारी, चीनू शिवेंद्र सिंह तोमर नागेंद्र शाक्य, जितेंद्र सिंह यादव (सिरोली वाले), शशांक सक्सेना, बंटी यादव, नितिन यादव आदि रहे ।समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय आवास विकास फर्रुखाबाद पर पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कटियार के संयोजन में संपन्न हुआ। पूर्व राज्य मंत्री सर्वेश अंबेडकर, यूनुस अंसारी, सयुस राष्ट्रीय सचिव विवेक यादव, पूर्व जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र यादव, जितेंद्र यादव नि0 जिला अध्यक्ष युवजन सभा, शशांक सक्सेना, देवेंद्र सिंह यादव, वेचेलाल यादव, ओम प्रकाश शर्मा, शिवप्रताप सिंह चीनू , राघव दत्त मिश्रा, सुभाष चंद्र शाक्य एडवोकेट, बृजेश पाल, पंकज गुप्ता, बीना शर्मा ,सरदार तोषित प्रीत सिंह, बंटी यादव आदि रहे।

# एंडी और निक की जोड़ी ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया

*ऑस्ट्रेलिया के किर्गीयोस ने 21वीं वरीयता प्राप्त युगो हम्बर्ट को 6–4, 4–6, 3–6, 6–1, 9–7 से पराजित किया। रात के कर्फ्यू के कारण यह मैच पिछले दिन पूरा नहीं हो पाया था। इसके अलावा पहले दौर के लगभग दो दर्जन अन्य मैच तीसरे दिन समाप्त हुए।*

विंबलडन। एंडी मर्रे और निक किर्गीयोस ने अपने जुझारूपन का अच्छा नमूना पेश करके बीच में दो सेट गंवाने के बावजूद विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। कूल्हे के दो आपरेशन और कई चोटों से जूझने वाले मर्रे ने दूसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर ऑस्कर ओटी को 6–3, 4–6, 4–6, 6–4, 6–2 से हराया। दो बार के विंबलडन चौंपियन ने बाद में कहा, "मैं निश्चित तौर पर थक गया हूं। मैं दो बार फिसलकर नीचे भी गिरा। कोर्ट अच्छा नहीं था। लेकिन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं।" ऑस्ट्रेलिया के किर्गीयोस ने 21वीं वरीयता प्राप्त युगो हम्बर्ट को 6–4, 4–6, 3–6, 6–1, 9–7 से पराजित किया। रात के कर्फ्यू के कारण यह मैच पिछले दिन पूरा नहीं हो पाया था। इसके अलावा पहले दौर के लगभग दो दर्जन अन्य मैच तीसरे दिन समाप्त हुए। मर्रे की तरह 19 बार के ग्रैंडस्लैम चौंपियन नोवाक जोकाविच भी तीसरे दौर में पहुंच गये। उन्होंने केविन एंडरसन को 6–3, 6–3, 6–3 से हराया। जिन अन्य प्रमुख खिलाड़ियों ने तीसरे दौर में प्रवेश किया उनमें फ्रांसिस टिफोउ, सेबेस्टियन कोर्डा, फैबियो फोगनिनी, गरबाइन मुगुरुजा, सलोनी स्टीफन्स और इगा स्वीयातेक शामिल हैं। वीनस विलियम्स और सोफिया केनिन को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। सोमवार और मंगलवार को बारिश के कारण पहले दौर के कई मैच तीसरे दिन पूरे किये। किर्गीयोस के अलावा दूसरे दौर में प्रवेश करने वाले अन्य खिलाड़ियों में आर्यना सबालेंका, येलेना ओस्टापेंको, विक्टोरिया अजारेंका, मारिन सिलिच, फेलिक्स आगुर अलियासामी और टेलर फ्रिट्ज प्रमुख हैं।



# मिताली राज के अर्धशतक पर फिरा पानी, इंग्लैंड ने 5 विकेट से भारत को हराया

*इंग्लैंड ने ब्रिस्टल में पहला वनडे आठ विकेट से जीता था। तीसरा वनडे तीन जुलाई को वारेस्टर में खेला जाएगा जिसके बाद तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला होगी।*



टांटन। कप्तान मिताली राज की अर्धशतकीय पारी केट क्रास की कातिलाना गेंदबाजी और सोफी डंकली के जुझारू अर्धशतक के सामने फीकी पड़ गयी जिससे इंग्लैंड ने बुधवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय दिन रात्रि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त बनायी। मिताली ने रन आउट होने से पहले 92 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 59 रन बनाये, लेकिन बाकी भारतीय बल्लेबाज मध्यम गति की गेंदबाज क्रास (34 रन देकर पांच) और बायें हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन (33 रन देकर तीन विकेट) के सामने नहीं टिक पायी और पूरी टीम 50 ओवर में 221 रन पर आउट हो गयी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 55 गेंदों पर 44 रन का योगदान दिया। अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य के सामने इंग्लैंड भी शुरू में लड़खड़ा गया और 28.5 ओवर के बाद उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। डंकली (81 गेंदों पर नाबाद 73) और कैथरीन ब्रंट (46 गेंदों पर नाबाद 33) ने यहीं से छठे विकेट के लिये 92 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को 15 गेंद शेष रहते हुए ही जीत दिलायी।

इंग्लैंड ने 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 225 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज लॉरेन विनफील्ड हिल ने 57 गेंदों पर 42 और एमी एलेन जोन्स ने 34 गेंदों पर 28 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से पूनम यादव ने दो विकेट लिये लेकिन इसके लिये उन्होंने 63 रन खर्च किये। झूलन गोस्वामी, शिखा पांडे और स्नेह राणा ने एक एक विकेट हासिल किया। मिताली गर्दन में दर्द के कारण क्षेत्ररक्षण के लिये नहीं उतरी और उनकी जगह उप कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टीम की अगुवाई की। भारत ने फिर से टॉस गंवाया।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में दो विकेट हासिल करने वाली पूनम यादव ने सीरीज के लिए की थी जमकर मेहनत

*इंग्लैंड ने बुधवार को दूसरे वनडे में भारत को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बनायी। पूनम यादव ने 63 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने कप्तान हीथर नाइट और विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स को आउट किया।*

टांटन। भारतीय महिला टीम की सीनियर स्पिनर पूनम यादव ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली श्रृंखला में नाकाम रहने के बाद उन्होंने अपनी गति में बदलाव करना सीखा जिससे उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दो विकेट हासिल करने में मदद मिली। इंग्लैंड ने बुधवार को दूसरे वनडे में भारत को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बनायी। पूनम यादव ने 63 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने कप्तान हीथर नाइट और विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स को आउट किया। नवंबर 2019 के बाद इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को पहली बार



सफलता मिली थी। इस साल के शुरू में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने चार मैच खेले लेकिन इनमें वह एक भी विकेट हासिल नहीं कर पायी थी। पूनम यादव ने मैच के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मैंने क्षेत्ररक्षण की सजावट और अपने रवैये में बदलाव किया। बल्लेबाज मेरी गेंदों को बैकफुट पर जाकर खेल रहे थे। ऐसे में गति और विकेट की प्रकृति मायने रखती है।" उन्होंने कहा, "मैंने अपनी गति में बदलाव करने पर काम किया और इन दो श्रृंखलाओं के बीच मेरे पास इसके लिये समय भी था।" पूनम ने कहा, "मैंने लंबे समय बाद विकेट लिया। किसी भी गेंदबाज के लिये यह मायने रखता है कि वह विकेट लेकर अपना योगदान दे और अपना स्पैल पूरा करे। मैंने आज अधिक रन खर्च किये। मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी।" भारतीय टीम मिताली राज के 59 और शेफाली वर्मा के 44 रन के बावजूद 221 रन पर आउट हो गयी। इंग्लैंड ने सोफी डंकली (नाबाद 73) और कैथरीन ब्रंट (नाबाद 33) के बीच छठे विकेट के लिये 92 रन की अटूट साझेदारी के दम पर जीत दर्ज की। पूनम ने कहा, "हमने विकेट गंवाये लेकिन फिर भी अच्छा स्कोर बनाने में सफल रहे। हम उन्हें रोक सकते थे। हमारे गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उन पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा पाये। इस बार हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा रहा।

# कमजोर वैश्विक रुख से सोना में 264 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में पर सोने में गिरावट के अनुरूप दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 264 रुपये की नरमी के साथ 45,783 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,047 पर बंद हुआ था। चांदी की भी 60 रुपये की गिरावट के साथ 67,472 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 67,532 रुपये था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,755 डॉलर प्रति औंस पर नरम चल रहा था जबकि चांदी 25.80 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, "बुधवार को सोने में गिरावट जारी रही। डॉलर के मजबूत होने से सोने में बिकवाली का रुख रहा।"

# कमजोर मांग से सोना वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे स्थानीय वायदा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 15 रुपये की गिरावट के साथ 46,540 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त महीने की डिलिवरी के लिये सोने की कीमत 15 रुपये यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 46,540 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इसमें 11,409 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से सोना वायदा कीमतों में हानि दर्ज हुई। वैश्विक स्तर पर न्यूयार्क में सोने की कीमत 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,756.70 डॉलर प्रति औंस रह गई।

# दो महीने में देश में पेट्रोल नौ प्रतिशत और डीजल 10 प्रतिशत से अधिक हुआ महँगा

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण पिछले दो महीने में देश में पेट्रोल नौ प्रतिशत और डीजल 10 प्रतिशत से अधिक महँगा हुआ है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जून में पेट्रोल का मूल्य 4.58 रुपये और डीजल की कीमत 4.03 रुपये बढ़ चुकी है। इससे पहले मई में भी पेट्रोल 3.83 रुपये और डीजल 4.42 रुपये महँगा हुआ था। इस प्रकार दो महीने में पेट्रोल 8.41 रुपये (9.30 प्रतिशत) और डीजल 8.45 रुपये (10.47 प्रतिशत) महँगा हो चुका है। पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ने का मौजूदा क्रम 04 मई से शुरू हुआ था। इससे पहले मार्च और अप्रैल में दोनों ईंधनों के मूल्यों में मामूली कटौती की गई थी। मई में 16 दिन कीमतें बढ़ाई गई थीं जबकि शेष 15 दिन कोई बदलाव नहीं हुआ था। जून में भी 16 दिन दाम बढ़े हैं जबकि शेष 14 दिन स्थिर रहे हैं। कीमतों में वृद्धि की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी है। कच्चे तेल का मानक माने जाने वाले लंदन के ब्रेंट क्रूड वायदा की कीमत 30 अप्रैल को 67.66 डॉलर प्रति बैरल थी जो इस समय बढ़कर 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुँच चुकी है। देश में पेट्रोल–डीजल की ऊँची कीमत में आधे से भी अधिक हिस्सा इन पर लगने वाले भारी–भरकम कर से बनता है। केंद्र तथा राज्य सरकारों की कमाई का बहुत बड़ा जरिया पेट्रोलियम उत्पादों पर करों और शुल्क हैं। इसी कारण पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे से बाहर रखा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो 16 जून के उपलब्ध अंतिम आँकड़ों के अनुसार, पेट्रोल का मूल्य 96.66 रुपये प्रति लीटर था। इसमें इंडियन ऑयल की रिफाइनरी से निकलने वाले पेट्रोल की कीमत 37.29 रुपये थी। औसतन 36 पैसे की परिवहन लागत के साथ पेट्रोल पंप मालिकों को पेट्रोल 37.65 रुपये प्रति लीटर मिला। डीलर को प्रति लीटर 3.80 रुपये का कमीशन मिला। इस पर केंद्र सरकार का 37.65 रुपये का उत्पाद शुल्क और राज्य सरकार का 22.31 रुपये का वैट जुड़ने के बाद कीमत 96.66 रुपये प्रति लीटर हो गई। इसी प्रकार 16 जून को 87.41 रुपये में बिकने वाला डीजल डीलर को 40.23 रुपये का मिला। डीलर का कमीशन 2.59 रुपये बना। डीजल पर केंद्र सरकार 31.80 रुपये का उत्पाद शुल्क लेती है जबकि दिल्ली सरकार 12.79 रुपये वैट लेती है। पेट्रोल–डीजल मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं। तेल विपणन कंपनियों ने आज दाम में कोई बदलाव नहीं किया।




## संक्षिप्त



# BAI ने किदांबी श्रीकांत और बी साई प्रणीत को खेल रत्न के लिए नामित किया

नयी दिल्ली। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले बी साई प्रणीत और किदांबी श्रीकांत को भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न के लिए नामित किया है। बीएआई ने तीन खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए भी नामित किया है। विश्व चौंपियनशिप 2019 में कांस्य पदक जीतने वाले प्रणीत तोक्यो खेलों की पुरुष एकल स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय हैं। श्रीकांत पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं लेकिन 2017 में उन्होंने चार खिताब जीते थे। बीएआई ने एचएस प्रणय, प्रणव जैरी चोपड़ा और समीर वर्मा को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया है। संघ ने द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए एस मुरलीधरन और पीयू भास्कर बाबू के नाम भेजे हैं। मुरलीधरन को पहले ही जीवनपर्यंत उपलब्धियों के वर्ग में द्रोणाचार्य पुरस्कार मिल चुका है। लीरॉय डिसा और पीवीवी लक्ष्मी के नाम ध्यानचंद पुरस्कार के लिए भेजे गए हैं।

# हां, मैं समलैंगिक हूं कहने वाली दुती को मिली दोहरी खुशी, खेल रत्न की सिफारिश के बाद टोक्यो ओलंपिक में किया क्वॉलिफाई

भारतीय एथलीट दुती चंद दोहरी खुशी से रूबरू हुई, जब उनका नाम खेल रत्न के लिए उनके नाम की सिफारिश कि गई और उसके बाद भारतीय एथलीट ने टोक्यो ओलंपिक में भी क्वॉलिफाई कर लिया। एथलीट दुती चंद ने टोक्यो ओलंपिक के लिए 100 और 200 मीटर रेस के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। वर्ल्ड रैकिंग कोटे में 22 जगह बाकी थी। दूती की 100 मीटर में रैकिंग 44 है। वहीं 200 मीटर में रैकिंग 51 है। इस वजह से दूती को ओलंपिक में जाने का मौका मिला। हाल ही में दूती ने 100 मीटर में 11.17 सेकेंड के साथ नया नेशनल रिकॉर्ड भी बनाया। हाल ही में ओडिशा सरकार की तरफ से देश के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिये दुति चंद के नाम की सिफारिश की गई है। जिसके बाद दूती ने ट्वीट कर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को शुक्रिया भी किया है। ओडिशा की रहने वाले दुती चंद एक बुनकर परिवार से तालुक्क रखती हैं। उन्होंने अपनी बहन सरस्वती से प्रेरित होकर दौड़ना शुरू किया। लेकिन उन्होंने अपने जीवन के हर मोड़ पर कड़ी मुश्किलों का सामना किया है। एशियाई खेलों में भारत के लिए दो रजत पदक जीतने वाली देश की सबसे तेज महिला धावक दुती चंद ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए साल 2019 में कहा था कि वे बीते कुछ सालों से समलैंगिक रिश्तों में हैं। दुती के साथ समलैंगिक रिश्तों में कोई और नहीं बल्कि उनके गांव की ही एक लड़की हैं।

# हाजिर मांग के कारण तांबा वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली घरेलू हाजिर बाजार की मांग में तेजी आने के बीच वायदा कारोबार में बुधवार को तांबा की कीमत 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 719.45 रुपये प्रति किलो हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई माह में डिलीवरी होने वाले अनुबंध के लिये तांबा का भाव 2.70 रुपये यानी 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 719.45 रुपये प्रति किलो हो गया। इसमें 4,507 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने तांबा कीमतों में तेजी आने का श्रेय हाजिर बाजार की मांग में तेजी के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने को दिया।

# रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 74.32 रुपये प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई प्रमुख विदेशी मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच बुधवा को रुपया की विनियम दर डालर के मुकाब ले नौ पैसे की हानि के साथ 74.32 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अन्तरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में कारोबार की शुरुआत पिछले सत्र के बंद के स्तर 74.23 रुपये प्रति डालर पर हुई। कारोबार के दौरान इसमें 74.23 से 74.45 रुपये प्रति डालर के दायरे में उतार चढ़ाव आने के बाद अंत में रुपया पिछले कारोबारी सत्र के मुकाबले नौ पैसे गिरकर 74.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 92.09 हो गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 66.95 अंक की गिरावट के साथ 52,482.71 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.72 प्रतिशत बढ़कर 75.30 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में लिवाल रहे और उन्होंने मंगलवार को सकल आधार पर 116.63 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध लिवाली की।

# हाजिर मांग से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 10 रुपये की तेजी के साथ 5,437 रुपये प्रति बैरल हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चातेल के जुलाई डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 10 रुपये अथवा 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,437 रुपये प्रति बैरल हो गई जिसमें 6,642 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चातेल कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टैक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल का दाम 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 72.86 डालर प्रति बैरल हो गया। वैश्विक मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड का दाम 0.40 प्रतिशत बढ़कर 74.46 डालर प्रति बैरल हो गया।

# मजबूत हाजिर मांग से निकेल वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की बढ़ती मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को निकेल वायदा भाव 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,381.90 रुपये प्रति किलो हो गया।

## सम्पादकीय........

### पर्यावरण का आकलन आवश्यक

पूरी दुनिया में आज की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चर्चा का अहम हिस्सा विकसित एवं विकासशील देशों की बढ़ती सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर है. बेहतर होती जीडीपी का सीधा मतलब उद्योगों की वृद्धि के साथ ऊर्जा की बढ़ती खपत का पर्यावरण पर प्रतिकूल असर है. ऐसे विकास का सीधा प्रभाव जीवनशैली पर पड़ता है. आरामदेह वस्तुएं आवश्यकताएं बनती जा रही हैं. कार, एसी व अन्य वस्तुएं ऊर्जा की खपत पर दबाव बनाती जा रही हैं. सच तो यह है कि अच्छी जीडीपी एवं विलासिता का लाभ दुनिया में बहुत से लोगों के हिस्से में नहीं आता है, पर इसकी कीमत सबको चुकानी पड़ रही है. भारत जैसे विकासशील देश में जीडीपी की बढ़ती दर 85 प्रतिशत लोगों के लिए कोई मायने नहीं रखती. वर्तमान जीडीपी अस्थिर विकास का सामूहिक सूचक है. इसमें केवल उद्योगों, ढांचागत बुनियादी एवं आंशिक खेती को विकास का सूचक माना जाता है. इसमें खेती को छोड़कर बाकी सभी सूचक समाज के एक खास हिस्से का ही प्रतिनिधित्व करते हैं. यह भी सच है कि वर्तमान जीडीपी 85 प्रतिशत लोगों का सीधा नुकसान भी कर रही है. बढ़ते औद्योगिकीकरण के दबाव के फलस्वरूप प्रत्यक्ष रूप से दो प्रकार की भ्रांतियां पैदा हुई हैं. पहला तो जीडीपी को ही संपूर्ण विकास का विकल्प समझा जा रहा है और इसकी आड़ में जीवन से जुड़े हवा, पानी, मिट्टी के लेखा–जोखा को लगातार नकारा जा रहा है.विगत दो दशकों में दुनिया की बढ़ती जीडीपी की सबसे बड़ी मार पर्यावरण–हवा, पानी, एवं जंगलों की स्थिति पर पड़ी है. इसका परिणाम आज मौसम बदलाव, ग्लोबल वार्मिंग, सूखती नदियां, उजड़ती उपजाऊ मिट्टी आदि के रूप में सामने है. व्यापारीकरण की सभ्यता ने इस अवसर को भी नहीं छोड़ा, जिससे क्षीण होते प्राकृतिक संसाधनों की हालत और बिगड़ती चली गयी. शायद ही किसी ने सोचा था कि बंद बोतलों में भी कभी पानी बिकेगा. प्रकृति प्रदत्त यह संसाधन बोतलों में बंद न होकर नदी, नालों, कुंओं व झरनों में होता, तो प्राकृतिक चक्र पर इसका विपरीत प्रभाव न पड़ता.रासायनिक खादों के बढ़ते प्रचलन ने जहां उपजाऊ मिट्टी की गुणवत्ता पर असर डाला है, वहीं प्राकृतिक रूप से उगनेवाली वानस्पतिक संपदा पर भी इनका विपरीत प्रभाव पड़ा है. वनों के अंधाधुंध एवं अवैज्ञानिक दोहन से अपने घर–बाहर को सजाने की विलासितापूर्ण सभ्यता ने जीवन को कई तरह की मुसीबतों में डाल दिया है. इसकी गंभीरता पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चर्चाओं में चिंता जतायी गयी है और इसके लिए बढ़ती जीडीपी को भी जिम्मेदार समझा गया है.जीडीपी को ही हर देश अपने विकास का मापदंड समझता है. विकसित देश विकासशील देशों की बढ़ती जीडीपी से चिंतित हैं क्योंकि इसका सीधा संबंध कार्बन उत्सर्जन से है. विकासशील देश विकसित देशों के खिलाफ लामबंदी कर अपना विकास करना चाहते हैं. पर्यावरण की आड़ में आर्थिक समृद्धि की लड़ाई लड़ी जा रही है. अगर जीडीपी के सापेक्ष जीवन की आवश्यकताओं को भी महत्व दिया जाये, तो मानव जीवन के संकट का प्रश्न कभी खड़ा नहीं होगा.नदियों ने लगातार अपना पानी खोया है, चाहे वे बरसाती नदी हों या हिम नदियां. इसका सबसे बड़ा कारण नदियों के जलागम क्षेत्रों का वन–विहीन होना है. गत दशकों से देश में पानी का संकट गहराता जा रहा है. पानी की बढ़ती खपत भी चिंता का विषय है. पिछले कई दशकों से मिट्टी की जगह रसायनों ने ली है।

## आज का राशिफल

मेष :– ईश्वरीय आस्था में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। महत्वाकांक्षाओं को फलित करने में असमर्थता संभव। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

वृषभ :– उच्च महत्वाकांक्षा ऊंची प्रगति के लिए आपको प्रेरित करेंगी। किसी नई योजना पर विचारमग्न होंगे। दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

मिथुन :– राजनीति से जुड़ लोगों के लिए लाभप्रद स्थितियों के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। असमाजिक तत्वों से दूरी बनायें। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूरा करें।

कर्क :– सगे–संबंधों में नैतिक कर्त्तव्यों से विमुख न हों। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। परिवार में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

सिंह :– आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। नये कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा स्वयं की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं। जीवन साथी के साथ मधुरका कायम रखें।

कन्या :– निराशावादी विचारों का त्याग करें। परिजनों की छोटी–छोटी बातों का बुरा न माने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

तुला :– सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। अच्छे आचार–विचार से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। अपने स्वास्य का पूरा ख्याल रखें। जीवन साथी का ख्याल रखें।

वृश्चिक :– कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे। रोजगार क्षेत्र में अनुकूल स्थिति रहेगी और लाभ होगा।

धनु :– महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनेगा। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। पुराने संबंध प्रगाढ़ होंगे। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को कल पर न टालें।

मकर :– निकट संबंधों में कुछ अप्रिय बातें दूरी पैदा करेंगी। भौतिक आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। मूल्यवान समय को व्यर्थ में जाया न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

कुंभ :– पूरा दिन अध्यात्मिक एवं पारंपरिक कायरें में व्यतीत होगा। किसी इच्छित कार्य की पूर्ति से प्रसन्नता संभव। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। संतान संबंधी महत्वपूर्ण दायित्व पूर्ति हेतु दवाब बनाएंगे।

मीन :– अत्याधिक कायरें के बोझ से मन बोझिल होगा। जीवनसाथी के भावनात्मक सहयोग से उत्साह का संचार होगा।

# राष्ट्रपति का दर्द उर्फ मारे गए करदाता

**सर्वमित्रा सुरजन**

*उनकी यात्रा उनके ओहदे के अनुरूप दि रॉयल प्रेसिडेंशियल एक्सप्रेस में संपन्न हुई। जिसमें तमाम तरह की सुविधाएं उनके लिए उपलब्ध थीं।कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर भी सुरक्षा से लेकर रोशनी की जगमगाहट तक सारे इंतजाम किए गए। राष्ट्रपति की दि रॉयल प्रेसिडेंशियल सैलून महाराजा एक्सप्रेस के रास्ते में पटरी किनारे कोई शौच करता नहीं दिखना चाहिए, इसके निर्देश भी दिए गए। आरपीएफ ने न केवल ग्रामीणों पर नजर रखी है बल्कि गांवों में ढिंढोरा भी पिटवाया कि अगर कोई भी व्यक्ति पटरी किनारे शौच करते दिखा तो रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अब ऐसी व्यवस्थाएं हों, तो किसी का भी सफर सुहाना ही होगा। वैसे 15 साल पहले एपीजे अब्दुल कलाम ने भी बतौर राष्ट्रपति ट्रेन से देहरादून तक की यात्रा की थी। देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद भी ट्रेन से यात्राएं करते थे।*

देश के प्रथम नागरिक, महामहिम राष्ट्रपति का कानपुर–लखनऊ प्रवास अनेक कारणों से चर्चा में रहा। राष्ट्रपति महोदय ने दिल्ली से कानपुर और लखनऊ तक की यात्रा ट्रेन से करना तय की। इस फैसले के पीछे उनकी कौन सी चाह, कौन सी भावना छिपी थी, यह तो पता नहीं, लेकिन आगंतुक पुस्तिका में उन्होंने अपनी खुशी इन शब्दों में प्रकट की– शहिमालय की दुर्गम पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर कन्याकुमारी के समुद्र तट तक और पूर्वोत्तर भारत की हरी–हरी धरती से लेकर गुजरात के पश्चिमी मरुस्थलों तक सरल और सुगम यातायात प्रदान करने वाली भारतीय रेल को मेरी शुभकामनाएं। लम्बे समय के बाद दिल्ली से कानपुर होते हुए लखनऊ तक की सुखद और मनोरम रेल यात्रा से मैं और मेरा परिवार अत्यन्त प्रभावित हैं। इस स्मरणीय यात्रा में मुझे रूरा एवं झींझक में अपने पुराने मित्रों एवं सगे संबंधियों से मिलने का सुखद अनुभव प्राप्त हुआ। मेरा यह पूर्ण विश्वास है कि प्रतिदिन करोड़ों भारतीयों की प्रिय परिवहन सेवा के रूप में भारतीय रेल विश्व भर की रेल सेवाओं में अग्रणी स्थान बनाये रखेगी। भारतीय रेल की सेवा में सक्रिय पूरी टीम को मेरा साधुवाद एवं शुभकामनाएं।श उनके इन शब्दों से स्वाभाविक तौर पर रेल मंत्री से लेकर रेलवे कर्मचारी तक सभी बेहद प्रसन्न हैं। रेल के कारण वाकई उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक जनता को आवागमन की सुविधा मिली है, लेकिन ये यातायात उतना सुगम और सरल अब नहीं रह गया है, जैसा राष्ट्रपति कोविंद ने लिखा है। ट्रेनों में सीट मिलने से लेकर गंतव्य तक पहुंचने तक आम आदमी को जेब कितनी ढीली करनी पड़ती है और कितने धक्के खाने पड़ते हैं, ये कोई वीआईपी कभी समझ नहीं सकेगा। अब नेता कोई गांधीजी की तरह तो होते नहीं हैं, जो तीसरे दर्जे में सफर कर असल भारत के दर्शन करेंगे। और राष्ट्रपति महोदय किसी साधारण ट्रेन के सामान्य डिब्बे में तो बैठे नहीं थे। उनकी यात्रा उनके ओहदे के अनुरूप दि रॉयल प्रेसिडेंशियल एक्सप्रेस में संपन्न हुई। जिसमें तमाम तरह की




सुविधाएं उनके लिए उपलब्ध थीं।कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर भी सुरक्षा से लेकर रोशनी की जगमगाहट तक सारे इंतजाम किए गए। राष्ट्रपति की दि रॉयल प्रेसिडेंशियल सैलून महाराजा एक्सप्रेस के रास्ते में पटरी किनारे कोई शौच करता नहीं दिखना चाहिए, इसके निर्देश भी दिए गए। आरपीएफ ने न केवल ग्रामीणों पर नजर रखी है बल्कि गांवों में ढिंढोरा भी पिटवाया कि अगर कोई भी व्यक्ति पटरी किनारे शौच करते दिखा तो रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अब ऐसी व्यवस्थाएं हों, तो किसी का भी सफर सुहाना ही होगा। वैसे 15 साल पहले एपीजे अब्दुल कलाम ने भी बतौर राष्ट्रपति ट्रेन से देहरादून तक की यात्रा की थी। देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद भी ट्रेन से यात्राएं करते थे। हालांकि वो अलग वक्त था। तब सत्ताधारियों और जनता के बीच इतनी दूरियां नहीं होती थीं। कानपुर में राष्ट्रपति महोदय अपने पैतृक गांव परौंख गए, लेकिन यहां वे हेलीकॉप्टर से गए। यहां उन्होंने उतरते ही जिस तरह गांव की धरती को प्रणाम किया और यहां की मिट्टी को अपने माथे पर लगाया, उससे क्षणिक भावुकता का माहौल बन गया। भारतीय आखिर इसी भावुकता के कायल भी हैं। लेकिन व्यावहारिक सवाल ये है कि कानपुर या परौंख गांव किसी विदेशी धरती पर नहीं है, जहां राष्ट्रपति कोविंद को अरसे बाद जाने का मौका मिला हो। दोनों इसी देश में हैं और देश के प्रथम नागरिक होने के नाते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के लिए हरेक गांव की अहमियत एक जैसी होनी चाहिए, बेशक अपने पैतृक गांव से उनका लगाव अधिक रहेगा, लेकिन अपने पद का इस्तेमाल वे कैसे देश के गांवों को विकसित करने में कर सकते हैं, इस पर उन्हें विचार करना चाहिए। अपने गृहनगर कानपुर के दौरे पर राष्ट्रपति महोदय ने एक भाषण दिया, जिसके कुछ अंश इस वक्त सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। टैक्स से ही देश का विकास होता है, इस बात को समझाते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मुझे 5 लाख रुपये प्रति महीना तनख्वाह मिलती है जिसमें से पौने 3 लाख रुपये टैक्स में चले जाते हैं लेकिन जो मिलता है उसकी चर्चा सब करते हैं और टैक्स देने की नहीं। हमसे ज्यादा बचत तो एक टीचर की होती है। अपने भाषण में राष्ट्रपति कोविंद ने यह भी साफ किया कि वे संवैधानिक पद पर हैं, इसलिए किसी एक दल की बात वे नहीं करते हैं। उनके लिए कांग्रेस, भाजपा, सपा, बसपा सब समान हैं। अच्छा है कि राष्ट्रपति को संवैधानिक पद की मर्यादा का ध्यान और ज्ञान दोनों है। ये बात भी सच है कि जनता के दिए कर से ही देश में विकास कार्य होता है। मगर इस वक्त केंद्र सरकार ने पेट्रोल–डीजल पर जिस तरह कर का हिसाब रखा है, उससे आम आदमी पर कितना बोझ पड़ रहा है, क्या इसका अंदाज राष्ट्रपति को है। ऐसे विकास का देश क्या करेगा, जहां जनता महंगाई के बोझ में दो वक्त के भोजन के लिए भी तरस जाए। राष्ट्रपति ने अपनी बचत का रोना तो रो लिया, लेकिन क्या उन्हें अनुमान है कि इस वक्त देश में 40 करोड़ कामकाजी आबादी में से 20 करोड़ लोग कर्ज के बोझ तले दबे हैं। क्या वे जानते हैं कि देश में मुठ्ठी भर लोगों की कमाई तो बढ़ी है, लेकिन इसी दौरान एक करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार हो चुके हैं और उनके पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है। भाजपा शासन में कर प्रणाली की बातों–बातों में तरफदारी तो राष्ट्रपति महोदय ने कर दी, लेकिन ऐसा करने में उनसे कुछ तथ्यात्मक भूलें हो गईं। संविधान के अनु. 59 (3) में कहा गया है कि राष्ट्रपति का वेतन आयकर मुक्त होगा। राष्ट्रपति के लिए आवास, स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात आदि सुविधाएं सरकारी खर्च पर मिलती हैं, यानी जनता के टैक्स के पैसे से ही ये सारे खर्च चलते हैं। राष्ट्रपति के जीवनसाथी के लिए भी सचिव आदि की व्यवस्था होती है। पांच साल बाद पदमुक्त होने पर आजीवन पेंशन, आवास, फोन, और विमान या रेल की सेवा मुफ्त मिलती ही है। इसके बाद राष्ट्रपति को बचत की फिक्र क्यों हो रही है। वैसे भी वे देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं, और उस पद की खातिर ही उन्हें सामान्य कर्मचारी की तरह बचत की चिंता करना शोभा नहीं देता। ये सब चिंताएं तो आम आदमी की धरोहर हैं, कम से कम इन्हें बख्श देना चाहिए।हा सवाल पांच लाख के वेतन में पौने तीन लाख टैक्स का, तो उसकी हकीकत ये है कि पिछले साल अप्रैल में खबर आई थी कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अध्यादेश को मंजूरी दी है, जिसके तहत एक अप्रैल 2020 से सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में संशोधन होना था। इसी खबर में ये बताया गया था कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यों के राज्यपालों ने स्वेच्छा से वेतन में 30 प्रतिशत कटौती का निर्णय लिया है। देश की माली हालत जब खस्ताहाल हो तो सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों को शेष सुविधाओं के साथ पूरा वेतन लेना शोभा नहीं देता। उनकी जिम्मेदारी जनता के लिए केवल फैसले लेना नहीं है, अगर संभव हो तो, जनता के हित में अपना आर्थिक योगदान देना भी है। पीएम केयर्स फंड के लिए लाखों हिंदुस्तानियों ने अपनी कमाई और बचत का हिस्सा दान किया था। ऐसे में सत्ताधारियों ने वेतन में कुछ कटौती का फैसला लिया तो उसकी तारीफ होना चाहिए। लेकिन एक साल बाद अगर देश के राष्ट्रपति बचत का रोना रोते हुए अपनी कमाई की तुलना एक शिक्षक से करें, तो फिर जनता कहां जाकर अपना दुखड़ा सुनाए। खैर बोधिसत्व की कविता है– कलजुग का एक राजा था राजा क्या था बाजा था हरदम निज गुन गाता था भारत भाग्य विधाता था। नंगे भूखे चिरकुट जन में सुबरन सूट दिखाता था क्या दूं क्या दूं बोलो बोलो यह मैं यह मैं गाता था। कभी डरा सा कभी रुआंसा अपनी पीठ खुजाता था सदा जयी सा किन्तु क्षयी सा धन पशुओं का बाजा था।

# समर्पण और बलिदान की याद

**डॉ अरुण मित्रा**

आज डॉक्टर्स डे पर उन लोगों को श्रद्धांजलि देना उचित होगा जिन्होंने मानव जाति को कोविड–19 के विनाशकारी नुकसान से बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। अस्पतालों में बीमारों की देखभाल करने, अपनी जान जोखिम में डालने के अलावा, स्वास्थ्य पेशेवर वायरस पर शोध कार्य में लगे रहे, जो बहुत तेजी से अपने आपको परिवर्तित कर रहा है।डॉक्टरों के लिए ऐसा काम कोई नया नहीं है, इसका सदियों पुराना इतिहास है। डॉक्टरों ने अपने और अपने प्रियजनों के जीवन को खतरे में डालकर कई नई उपचार पद्धतियां विकसित कीं। कई बार उन्हें उन लोगों के क्रोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने पुरानी और अवैज्ञानिक गैर–साक्ष्य आधारित प्रणाली को जारी रखने में निहित स्वार्थ साधा हुआ था। लेकिन इसने चिकित्सा पेशेवरों को विज्ञान के ज्ञान का प्रसार करने से नहीं रोका। गहरी टिप्पणियों ने कई बार नई खोजों को जन्म दिया जिससे हमें उन बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद मिली जो एक समय में घातक थीं। डॉ. एडवर्ड जेनर ने चेचक के टीके का विकास तब किया जब उन्होंने देखा कि जिन दूधियों को पहले चेचक हुआ था, उन्हें दुबारा चेचक नहीं हुआ और यह दिखाया गया था कि टीका लगाया हुआ वैक्सीनिया इनोक्यूलेटेड वेरियोला वायरस से सुरक्षित है। इसी तरह पेनिसिलिन की खोज अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने की थी जब उन्होंने पाया कि एक मोल्ड जो गलती से दूषित स्टेफिलोकोकस कल्चर प्लेट पर विकसित हो गया था, स्टेफिलोकोसी बैक्टीरिया के




विकास को रोकता है।रेने लेनेक एक फ्रांसीसी चिकित्सक थे, जिन्होंने 1816 में स्टेथोस्कोप का आविष्कार किया था। इस उपकरण के साथ, उन्होंने हृदय और फेफड़ों द्वारा की गई आवाजों की जांच की और निर्धारित किया कि उनके निदान को शव परीक्षण के दौरान किए गए अवलोकनों द्वारा समर्थित किया गया था। हम ऐसी खोजों और आविष्कारों के बहुत ऋणी हैं जिन्होंने चिकित्सा उपचार में क्रांति ला दी और चिकित्सा विज्ञान की उन्नति के लिए कदम बढ़ाया। कई डॉक्टरों ने संघर्ष की स्थितियों और युद्ध के समय में भी अपने देश की सीमाओं से परे अपनी जान जोखिम में डाल दी। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के डॉ. द्वारकानाथ कोटनिस ने जवाहर लाल नेहरू की अपील पर चार अन्य डॉक्टरों–नागपुर के एम चोलकर, कलकत्ता के बीके बसु और देबेश मुखर्जी और इलाहाबाद के एम अटल के साथ मेडिकल टीम का हिस्सा बनने के लिए तुरंत सहमति व्यक्त की, जिन्हें चीनियों ने अनुरोध किया था। सैनिकों की जान बचाने के लिए डॉक्टर भेजने के लिए जापानी आक्रमणकारियों से लड़ना। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम पांच वर्ष चीनी सैनिकों की सेवा करने और 1942 में 32 वर्ष की आयु में देश में लाखों लोगों का दिल जीतने के बाद चीन में अंतिम सांस ली।मेडेकिन्स सैन्स फ्रंटियरेस (डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स) 22 दिसंबर, 1971 को स्थापित, फ्रांसीसी मूल का एक अंतरराष्ट्रीय मानवीय चिकित्सा गैर–सरकारी संगठन है, जो संघर्ष क्षेत्रों में और स्थानिक रोगों से प्रभावित देशों में अपनी परियोजनाओं के लिए जाना जाता है। उसने इराक, जॉर्डन, लीबिया, लेबनान, फिलिस्तीन, सीरिया और यमन आदि में संघर्ष की स्थितियों में चिकित्सा कार्य किया है। चिकित्सक स्वास्थ्य में असमानताओं को दूर करने की वकालत करते रहे हैं। रुडोल्फ विरचो 19वीं सदी के जर्मन चिकित्सक थे, जिन्हें कई लोग पैथोलॉजी के जनक के रूप में मानते थे, जिन्होंने विकलांगों के लिए चिंता जताई थी, उन्होंने कहा था, यदि दवा अपने महान कार्य को पूरा करना है, तो उसे राजनीतिक और सामाजिक जीवन में प्रवेश करना होगा। विरचो ने तब महामारी में योगदान देने वाले आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारकों को संबोधित करने के लिए एक क्रांतिकारी सामाजिक पुनर्निर्माण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। इस अवधारणा के समर्थक कि शचिकित्सा एक सामाजिक विज्ञान हैश, उनका मानना था कि गरीबों की ओर से काम करने के लिए चिकित्सक जिम्मेदार हैं। बाद में उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधारों के लिए नीतियों को विकसित करने में मदद की। एक जर्मन चिकित्सक अल्बर्ट शिवट्जर ने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा अफ्रीका में पीड़ित लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने स्थायी शांति की आवश्यकता की वकालत की और परमाणु हथियारों की निंदा की। उन्हें 1952 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। परमाणु युद्ध की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों (आईपीपीएनडब्ल्यू) के बैनर तले डॉक्टर आज परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के लिए सबसे आगे हैं और परमाणु युद्ध के मानवीय परिणामों पर बार–बार प्रकाश डाला है। उन्होंने पुष्टि की है कि परमाणु पतन की स्थिति में चिकित्सा पेशे के पास पेश करने के लिए कोई उपाय नहीं है। यह उनकी पहल के माध्यम से था कि परमाणु हथियारों के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान (आईसीएएन) का गठन किया गया था।दुनिया हेनरी ड्यूनेंट के काम से प्रेरित है जिन्होंने 1863 में रेड क्रॉस की स्थापना की थी। भले ही वे डॉक्टर नहीं थे, लेकिन मानवतावादी थे, जो मानवता की सेवा को प्रमुख कर्तव्य मानते थे। भारत में हमारे पास भाई घनैया जी का एक शक्तिशाली इतिहास है, जिन्होंने युद्ध के समय दोनों में से किसी भी सेना के सैनिकों के बीच अंतर करने की परवाह नहीं की और दोनों को पानी दिया। भारत के 1500 से अधिक डॉक्टरों का बलिदान चल रही महामारी के दौरान व्यर्थ जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्हें सलाम करते हुए, हम एक बेहतर न्यायसंगत स्वास्थ्य प्रणाली के लिए काम करने का संकल्प लेते हैं और वंचितों के लिए सहानुभूति दिखाते हैं। डॉक्टरों को एक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के लिए जनमत जुटाने की जिम्मेदारी लेनी होगी जो कि सस्ती और पहुंच योग्य हो। इसके लिए युवा डॉक्टरों को आगे आना चाहिए। महामारी ने स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता को दिखाया है जो सभी नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करती है।



# मैंने 17 साल की उम्र में डेटिंग ऐप्स के बारे में सुना था :शनाया कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री और उद्योग जगत की नवोदित अभिनेत्री शनाया कपूर के पास एक मनोरंजक जवाब है, जब आप उनसे पूछते हैं कि उनका डेटिंग ऐप बायो क्या पढ़ा जाएगा। इस विषय पर बात करते हुए शनाया कहती हैं, पिछली बार मैं किसी की तरह थी, मैं रक्तदान कर रही थी, लेकिन नमस्ते। डेब्यू से पहले ही शनाया सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 741के फॉलोअर्स की एक बड़ी बढ़ती हुई फैन फॉलोइंग है, जिसमें बायो है सनशाइन ऑन माई माइंड। उनके प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर सुंदर तस्वीरों के साथ उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन की झलक देखने को मिलती है। हालांकि, उन्हें अभी खुलकर सामने आना और अपनी डेटिंग लाइफ पर चर्चा करना बाकी है। यह अब बदल सकता है। शनाया और उनकी मां महीप कपूर के लिए बम्बल डेटिंग ऐप पर एक आगामी वीडियो में देखा जाएगा। वे ऑनलाइन डेटिंग पर टिप्स और ट्रिक्स साझा करेंगे और अपने डेटिंग अनुभव साझा करेंगे। मजेदार वीडियो में, शनाया और महीप पहली चाल बनाने के बारे में बात करेंगे और मजेदार रहस्य और जीवन की सच्चाई बताएंगे। पेरिस में ले बाल में फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स पर शनाया की पहली ऑन–स्क्रीन उपस्थिति ने दर्शकों को डेटिंग पर अपने माता–पिता की एक दिलचस्प अवधारणा दिखाई। शनाया की मां एक दोस्त की तरह हैं जो अपनी बेटी को रिश्ते को सलाह देती हैं। हमेशा प्राथमिकता दें और पहले खुद से प्यार करें, इससे पहले कि आप इसे दूसरों को दें! हमेशा अपने दूसरे में महत्वपूर्ण एक दोस्त खोजें! डेटिंग टिप्स के बारे में पूछे जाने पर, शनाया ने खुलकर साझा कियारू उस व्यक्ति से मिलने से पहले वीडियो कॉल करें, जिससे आप निश्चित रूप से जान सकें कि वे लोगों के रूप में कैसे हैं। आप उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए अगला कदम उठाने से पहले एक वीडियो डेट के माध्यम से एक वाइब पकड़ सकते हैं! मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि शनाया ने वास्तव में किसी ऐप के जरिए डेटिंग करने की कोशिश नहीं की है, लेकिन उनका मानना है कि यह एक शॉट देने लायक है। मैं डेटिंग ऐप का उपयोग नहीं करती, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत बढिया है। मैंने 17 साल की उम्र में डेटिंग ऐप्स के बारे में सुना। यह वास्तव में अच्छा है क्योंकि आप वास्तव में किसी व्यक्ति को ऑनलाइन जाने और उनसे मिलने से पहले जान सकते हैं। मुझे लगता है कि सामाजिक मीडिया और ऑनलाइन इंटरैक्ट करना वास्तव में बहुत बड़ा हो गया है। सभी पिताओं की तरह संजय कपूर भी अपनी बेटी को लेकर प्रोटेक्टिव हैं। शनाया ने खुलकर कहा, मेरे पिताजी कभी नहीं पूछते या जानना चाहते हैं, वह बहुत सुरक्षात्मक हैं। अपनी पहली फिल्म में, शनाया कपूर को मुख्य भूमिका में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा और लक्ष्य लालवानी के साथ लिया जाएगा। बिना शीर्षक वाली फिल्म को एक प्रेम त्रिकोण के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी कहा जा रहा है। फिल्म का निर्माण करण जौहर करेंगे और निर्देशक शशांक खेतान होंगे।

# नंदिनी राय ने खुलासा किया कि सह–कलाकार विकास ने उन्हें थप्पड़ क्यों मारा!

नई तेलुगू वेब सीरीज इन द गेम ऑफ गॉड में नजर आ रही अभिनेत्री नंदिनी राय ने खुलासा किया कि कुछ □श्यों की शूटिंग के दौरान उन्होंने और उनके सह–कलाकार विकास ने कैमरे के लिए एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया के लिए वास्तव में एक–दूसरे को थप्पड़ मारा था। नंदिनी ने बताया, जब विकास कैमरे के लिए मुझे हल्के से मार रहा था तो हमें लगा कि हम वास्तविक भावनाओं को सामने नहीं ला पा रहे हैं। फिर, हमने चर्चा की और असली में मारना शुरू कर दिया। इसलिए, दर्शकों को जो आंसू दिखाई देंगे, वे असली आंसू हैं! यह हमारी असली प्रतिक्रिया थी। अभिनेत्री ने आगे दावा किया कि हिटिंग इतनी प्रामाणिक लग रही थी कि निर्देशक विद्यासागर मुथुकुमार ने फिर से शूटिंग शुरू करने से पहले एक ब्रेक के लिए बुलाया। नंदिनी कहती हैं, विकास और मैंने इतना जोरदार थप्पड़ मारा कि निर्देशक को सूजन कम होने के लिए आध ा घंटा इंतजार करना पड़ा। क्राइम थ्रिलर एक सात–भाग वाली श्रृंखला है जिसमें अभिनेता प्रियदर्शी हैं। नंदिनी ने एक गांव की लड़की की भूमिका निभाई है जो अभिनय के अपने सपने को पूरा करने के लिए हैदराबाद जाती है। एक्ट्रेस एक वेब सीरीज में काम करके खुश हैं। इन दिनों ओटीटी ने हम सभी का दिल जीत लिया है। जो लोग थिएटर नहीं जा रहे हैं वे घर में देख रहे हैं। अभिनेताओं के लिए, शूटिंग और पारिश्रमिक समान हैं। हम थिएटर की भावना को याद करते हैं लेकिन अगर दोस्तों का एक समूह उनके कंप्यूटर से जुड़ी एक अच्छी ध्वनि प्रणाली के साथ एक साथ बैठता है तो मुझे लगता है कि यह एक समान भावना देता है। मुझे नहीं लगता कि बहुत अंतर है। विभिन्न भाषाओं में काम कर चुकीं तेलुगू अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें काम के लिए नई भाषाएं सीखने में मजा आता है। वह कहती हैं, किसी भी अभिनेता के लिए भाषा कभी बाधा नहीं होती। मैं तमिल, तेलुगू, मलयालम फिल्मों में काम कर रही हूं। नई भाषा सीखने और अलग–अलग लोगों से मिलने में मजा आता है।





# विक्रांत मैसी और कृति खरबंदा अभिनीत फिल्म 14 फेरे जुलाई में जी5 पर होगी रिलीज





विक्रांत मैसी और कृति खरबंदा बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकार हैं। काफी कम समय में इन दोनों कलाकारों ने अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। विक्रांत और कृति काफी समय से अपनी रोमांटिक फिल्म 14 फेरे को लेकर लाइम लाइट में थे। यह फिल्म 9 जुलाई को थिएटर में रिलीज होने वाली थी। अब कोरोना महामारी के हालात को देखते हुए इसे जुलाई में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया जाएगा। जी5 ने फिल्म का टीजर जारी करते हुए इसकी डिजिटल रिलीज की जानकारी दी है। जी5 ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुए लिखा, फिल्म 14 फेरे इस जुलाई को जी5 पर आ रही है। इस फिल्म में विक्रांत, कृति और गौहर खान मुख्य भूमिका में दिखने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन देवांशु सिंह ने किया है। वहीं, फिल्म को मनोज कलवानी ने लिखा है। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज द्वारा किया गया है। कृति ने कहा, मुझे याद है कि जब मैंने पहली बार फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी थी। इसमें ड्रामा, इमोशन और मजबूत कैरेक्टर आदि चीजें थीं, जिसकी मुझे तलाश थी। मैं दर्शकों द्वारा जी5 पर आने वाली कहानी को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि फिल्म में दर्शकों को एक ठेठ भारतीय शादी देखने को मिलेगी। उनका मानना है कि यह फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने में सफल होगी। विक्रांत ने भी फिल्म को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उन्होंने कहा, यह फिल्म ड्रामा, कॉमेडी और अपने अनोखेपन से भरी होगी। यह निश्चित रूप से उन परिवारों के लिए एक बेहतरीन घड़ी होगी, जो इसे एक साथ देख सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि जब यह फिल्म जी5 पर आएगी, तो दर्शक इसका पूरा आनंद लेंगे। यह एक सोशल कॉमेडी फिल्म है, जिसमें विक्रांत छोटे शहर के एक लड़के के किरदार में नजर आएंगे। बताया गया था कि कृति फिल्म में आधुनिक लड़की के किरदार में दिखेंगी। इस फिल्म में कृति को अपने हक के लिए आवाज उठाते हुए देखा जा सकता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को काफी पसंद किया गया था। फिल्म के फर्स्ट लुक में विक्रांत और कृति को शादी के खर्चे जोड़ते हुए देखा गया था। दोनों कलाकार फिल्म में अपनी शादी को लेकर मजेदार बहस करते हुए नजर आएंगे। उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी।

# कृष्णा श्रॉफ ने Black Outfit में शेयर कीं ग्लैमरस फोटोज









जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज अपलोड कर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक बार फिर कृष्णा श्रॉफ ने ब्लैक आउटफिट में अपनी फोटोज फैंस के साथ साझा की हैं, जिनमें उनका अंदाज देखने लायक है।

# डीएम ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

**- दस्तक कार्यक्रम की सफलता के प्रति दिलाया शपथ**
**- अभियान में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नही:डीएम**
**- जन जागरुकता एवं प्रचार वाहनो को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना**
**- साफ-सफाई अपनाये जाने के साथ ही जल जमाव से निजात के लिये बढ चढ कर सभी करें कार्य**
**- पूरे माह जुलाई तक चलेगा यह अभियान, 12 जुलाई से 25 जुलाई तक दस्तक कार्यक्रम का समय है निर्धारित**
**- संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्यक्रम, इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक**



अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

आज से प्रारम्भ संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ सीएमओ कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने फीता काटने के साथ किया तथा जागरुकता एवं प्रचार वाहनो को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। उन्होने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दस्तक कार्यक्रम के प्रति शपथ दिलाया। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने कहा कि दिमागी बुखार और कोविड 19 को रोकने के लिये हम सभी हर संभव प्रयास करना चाहिये, इसके लिये साफ सफाई को अपनाये जाने के साथ ही जल जमाव नही होने देने के लिये कार्य करना चाहिये। उन्होने सभी इस अभियान आपसी समन्वय सहभागिता के साथ कार्य किये जाने पर बल दिया। कहा कि जिसकी जो जिम्म्दारी है, वह पूरी तन्मयता से निर्वहन करें तथा लोगो में जागरुकता लाये जाने के लिये भी कार्य करेगें। उन्होने कहा कि हम सभी को अपने व अपने आस पास की साफ सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिये। शौच का प्रयोग, साबुन से हाथ धोने, घर के बाहर हमेशा मॅुह व नाक को मास्क से ढंकेगें और दो गज कर दूरी बनाये रखेगें। यह भी संकल्प लेना चाहिये कि यदि कोई बच्चा हमारे गांव में बुखार से पीडित होगा तो उसके परिवार को इलाज के लिये सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेगें। अगर किसी को बुखार के साथ सांस लेने में तकलीफ हो या कोई ऐसे कोविड प्रभावित क्षेत्र से आया हो या किसी कोविड 19 संक्रमित व्यक्ति से मिल कर आया हो तो इसकी जानकारी तुरन्त गांव की आशा को देगें। कोविड प्रभावित व्यक्तियों या उनके लिये कार्य कर रहे किसी के साथ कोई भेदभाव नही करेगें। हम सभी मिल कर दिमागी, बुखार एवं कोविड 19 एवं अन्य संक्रमक रोगो को हराने में बढ चढ कर भाग लेगें। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक कार्यक्रम से जुडे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागो को आपसी समन्वय के साथ कार्य किये जाने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि यह अत्यन्त ही महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील अभियान है, इसमें किसी भी प्रकार की चूक जेईध् एईएस सहित अनेक संक्रामक बिमारियों को बढावा देगी, इस लिये सभी का प्रयास हो कि इस अभियान को सही व वास्तविक रुप से क्रियान्वित किये जाने में अपना योगदान देगें। लोगो को जागरुक करने में भी अपनी भूमिको निभायेगे। उन्होने प्रबुद्धजनो से भी इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाये जाने की अपील की, जिससे कि जनपद का हर एक नागरिक व बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ रहे। संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरे माह जुलाई में तथा 12 जुलाई से 25 जुलाई तक दस्तक कार्यक्रम चलेगा, इसके तहत आंगनवाडी कार्यकर्तियों, आशा घरों तक जाकर लोगो को जागरुक करने का कार्य करेगी। शुभारम्भ के इस अवसर पर सीएमओ डा आलोक पाण्डेय, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, विनोद तिवारी, अखिलेन्द्र शाही सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

## पड़ोसियों ने तोड़ दी जल निकासी की पाइप विरोध पर महिला को लाठी डंडे से पीटा

अमिट रेखा प्रताप गढ व्यूरो। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के समोगरा गांव में जल निकासी के लिए छत पर लगाई पाइप पड़ोसियों ने सीढ़ी लगाकर लाठी डंडे से तोड़ दी द्य इसका विरोध जब छत पर मौजूद महिलाओं ने किया तो आरोप है कि उन पर भी लाठी डंडे से आरोपियों ने हमला कर दिया द्य वही हमले में घायल महिला कोतवाली आई और आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है द्य बतादें कि समोगरा गांव निवासी रूबी पत्नी प्रभात का आरोप है कि बुधवार की देर शाम पड़ोसी उसके घर के छत पर जल निकासी के लिए लगाई गई पाइप को सीढी से चढ़कर लाठी डंडे से तोड़ रहे थे इसका विरोध छत पर मौजूद विवाहिता ने किया तो आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया पीड़िता ने तोड़फोड़ मारपीट की तहरीर पांच लोगों के विरुद्ध नामजद कोतवाली पुलिस को दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को पुलिस शांतीभंग मे किया चलान

अमिट रेखा - रजवंत कुमार बिश्वकर्मा

खडा - कुशीनगर। जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने एक महिला से एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म के प्रयास के मामले मे पीडिता से बेटे व कुरान की कसम खिलाते हुए तहरीर को बदलवाने के साथ हिरासत मे लिये आरोपी को शांतिभंग में चालान करने का मामला प्रकाश मे आया है।पीड़िता का कहना है कि न्याय नही मिला तो एसपी आफिस के समक्ष धरने पर बैठुगीं। मिली जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव मे बीते 22जून रात 12 बजे एक महिला अपनी दो बर्षीय बच्चे के साथ बरमदे मे सो रही थी,तभी पड़ोस के एक व्यक्ति बिस्तर पर पहुच गया और महिला के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने लगा,महिला द्वारा शोर मचाने पर वह भाग निकला था,सुबह अपने मां व भाई के साथ आरोपी के घर शिकायत लेकर जब पहुची तो आरोपी व उसके चाचा मुर्गा काटने वाला चाकू दिखाकर धमकी दे दरवाजे से खदेड़ दिया गया था,जिसकी शिकायत पीड़िता अपनी मां संग थाने पहुच कर शिकायत पत्र देकर की थी,एक सप्ताह तक कार्रवाई नही होते देख पीड़िता एसपी कुशीनगर सचिंद्र पटेल के पास पहुचकर शिकायत पत्र देकर न्याय का गुहार लगाई थी,जिसपर एसपी ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया,उधर एसपी के यंहा पहुचने की सूचना पाते ही थाने की पुलिस आरोपी को हिरासत मे लेते हुए शांतीभंग मे भेज दिया,पीड़िता जब फिर से थाने पहुची तो उससे उसके मासूम बच्चे के उपर हाथ रखवाकर बेटे व कुरान की कसम खिलाते हुए तहरीर बदलवाया गया।वहीं पीडिता कही है की मुझे न्याय नही मिला तो एसपी आफिस के समक्ष धरने पर बैठने को मजबूर सो जाउंगी।

## विधायक कुशीनगर ने किया नयी दिशा के 108 दिव्य पौधों के रोपण का शुभारंभ




अमिट रेखा - राज पाठक सपहा कसया - कुशीनगर। पीपल,पाकड़, बरगद,नीम, गूलर ये दीर्घकालिक पौधे हैं।इनको लगाने और बचाने से भौतिक और आध्यात्मिक दोनों सुखों की प्राप्ति होती है। ये पौधे एक तरफ छांव देते हैं तो दूसरी तरफ प्राण वायु रूपी ऑक्सीजन के श्रोत हैं,अतः हम सभी को अधिकाधिक मात्रा में इन पौधों को लगाने और बचाने की जरूरत है,। उक्त बातें कुशीनगर विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने वार्ड नं.24 सुभाष नगर कसया स्थित पशु चिकित्सालय व सिचाई विभाग के परिसर में नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पौधारोपण एवं संरक्षण अभियान के अंतर्गत नगर पालिका के सभी वार्डों में पीपल,पाकड़,बरगद,नीम के 108 पौधे लगाने के अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा।उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में नयी दिशा द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है और समाज के हम सभी लोगों को संस्थान का सहयोग करते हुए बढ़ चढ़ कर सहभागिता करना चाहिए,कार्यक्रम का आयोजन संस्था के संरक्षक डॉ0 डीएस तिवारी के संरक्षण एवं सभासद विजय सिंह के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के संदर्भ में संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने बताया कि नयी दिशा द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर के सभी 27 वार्डों में पीपल, पाकड़, बरगद, नीम के 108 पौधे ट्री गार्ड के साथ लगाने और बचाने हैं। डॉ0 मिश्र ने बताया कि इस अभियान में सभासद बन्धुओं की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि पौधे विधायक जी के माध्यम से क्षेत्रीय वन अधिकारी कसया अखिलेश दुबे द्वारा प्राप्त हो गए हैं और यदि सभासद बंधु जगह चुनाव और ट्री गार्ड का प्रबंध कर दें तो अभियान संचालन में सुगमता हो जाये। इस क्रम में सभासद विजय सिंह को विशेष धन्यवाद आपके द्वारा जगह चुनाव व ट्री गार्ड का प्रबंध किया गया।इस सुअवसर पर डा सुबोध सिंह प्रभारी पशु चिकित्सालय, बोधई राम अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग,डा0 दिनेश मौर्या, मो0 गयासुद्दीन,मदन,राजू,रमेश, नरेश सिंह,अमित मल्ल,संजय मिश्र, सच्चिदानंद पटेल,रवि प्रकाश,लालबाबू सिंह, पुनीत श्रीवास्तव,ममता कश्यप, इन्द्र मिश्र,प्रभात त्रिपाठी,डा0 संदीप विश्वकर्मा, पंकज शर्मा,विवेक द्विवेदी,राजन इत्यादि उपस्थित रहे।

## पिपरा बुजुर्ग गांव मे प्रधान के नेतृत्व मे ग्रामीणों ने किया प्रर्दशन

अमिट रेखा - रजवन्त कुमार बिश्वकर्मा

खाडा - कुशीनगर। कुशीनगर जिले के बिकाश प्रर्दशन कर जिला प्रशासन से नीलामी कराने की मांग करते हुए सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग की।



खण्ड बिसुनपुरा के अंतर्गत में पिपरा बुजुर्ग गांव मे बंद पड़े पशु चिकित्सालय जर्जर होने के बाद भी विभाग द्वारा नीलामी नही करने से आए दिन दुर्घटना की अंशका बनी रहने को लेकर प्रधानपति के नेतृत्व मे बुधवार दोपहर को दर्जनो ग्रामीणों ने

विशुनपुरा ब्लाक के पिपरा बुजुर्ग गांव के श्रीराम

जानकी मंदिर व सार्वजनिक पोखरा तट पर सन 1965 मे विभाग द्वारा पशुओ को चिकित्सा के लिए पशु चिकित्सालय बनाया गया था,जो सन 2005 मे जर्जर हो गया तो विभाग ने पोखरा के भिटा पर नया अस्पताल का निर्माण करा दिया जिसमे पशु अस्पताल जारी है,उधर जर्जर भवन मे आए दिन छत से ईट टूटकर गिरता रहता है,आए दिन उसमे खेलने वाले बच्चे चोटिल होते रहते है,जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा विभाग को कई बार किया जा चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई,जिसको लेकर ग्राम प्रधान पति दिनेश जायसवाल के नेतृत्व मे दर्जनो ग्रामीणों ने प्रर्दशन कर जिला प्रशासन से जर्जर भवन का नीलमी कर तोड़वाने व उस भूमि पर सार्वजनिक शौचालय बनवाने की मांग की है।इस दौरान राजू मद्देशिया,भोली शर्मा,अशर्फी चौधारी, गनेश कुशवाहा,बबलू,लालबाबू ,राजू,इंद्रशन मद्देशिया,मंटू गुप्ता आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में रुचि नही लेने वाले 16 जन सेवा केन्द्रों की आई डी की गयी निरस्त

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

आयुष्मान भारत योजना में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में कोई रुचि नही लेने वाले 16 जन सेवा केन्द्रों के संचालको की आई डी निरस्त कर दी गयी है। यह कार्यवाही सीएमओ की आख्या के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में की गयी है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन (सचिव) डीईजीएस ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिये जन सेवा केन्द्रो क माध्यम से इस कार्य को बनाये जाने के निर्देश उन्हे दिये गये थे, कि वे लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनायेगें। इस कार्य में 16 जनसेवा केन्द्रों के संचालकों को चिन्हित किया गया, जिनके द्वारा कोई रुचि नही ली जा रही है। इस जन कल्याणकारी योजना में रुचि न लेने वाले इन जनसेवा केन्द्रो की आईडी निरस्त कर दी गयी है। जिन जनसेवा केन्द्रो की आई डी निरस्त की गयी है, उसमें भीम कुमार कुशवाहा ब्लाक बनकटा, सफरूद्दीन अहमद ब्लाक रामपुर कारखाना, विजय प्रताप सिंह ब्लाक देसही देवरिया, सलीम गौरी बाजार, मो० मेराज पथरदेवा, मो0 युसुफ सलेमपुर, रामप्रताप गुप्ता भटनी, रिजवान उल्लाह तरकुलवां, अनुमेश प्रजापति भलुअनी, उमा कम्प्यूटर टेक्निकल इन्स्टीट्यूट लार, संतोष मल्ल भागलपुर, सब्बीर बैतालपुर, आदर्श देवरिया सदर, श्रीमती उषा देवी बरहज, शिवप्रताप बर्नवाल भाटपाररानी एवं संजय कुमार शुक्ल विकास खंड रुद्रपुर की आईडी गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में शिथिलता पाये जाने पर निरस्तीकरण की कार्यवाही में सम्मिलित है।

## कुशीनगर के बैकुंठपुर बाजार में एस.ओ.बिशुनपुरा व पुलिस कर्मियों का किया गया ग्रामीणों की ओर से सम्मान समारोह

**- पिछले दिनों दलित किशोरी के साथ हुए गैंगरेप के आरोपियों को 24 घंटे के अंदर मे किया था गिरफ्तार**

अमिट रेखा - अरविंद कुमार तर्कशील

जंगल नौगांवा - कुशीनगर। जनपद के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर बाजार में आयोजित रही पुलिस सम्मान समारोह में ग्रामीणों ने विगत दिनों इस थाना क्षेत्र में हुई दलित किशोरी के साथ हुए गैंगरेप की घटना का सफल अनावरण और संलिप्त सभी दुराचारियों की गिरफ्तारी करने पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सहित पुलिस टीम को सम्मानित किया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी परमानंद जायसवाल ने कहा कि आलोचना करने के साथ समय समय पर पुलिस के अच्छे कार्यों की प्रशंसा नितांत आवश्यक है। जिस तत्परता से पुलिस ने विगत दिन दलित किशोरी के साथ हुए गैंगरेप के मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी किया। वह निस्संदेह प्रशंसनीय और स्वागत योग्य है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि अपराधी की कोई जाति और धर्म नहीं होती है। दलित किशोरी के साथ हुए घटना में पुलिस ने अपना कार्य पूरे मनोयोग के साथ किया और ग्रामीणों के सहयोग के बदौलत ही घटना में संलिप्त समस्त आरोपियों की गिरफ्तारी करने में सफलता मिल सका। जनता से इसी प्रकार के सहयोग की उम्मीद पुलिस को है। कार्यक्रम के अंत में थानाध्यक्ष संजय कुमार सहित विशुनपुरा पुलिस को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान नूर आलम अंसारी तथा सह अध्यक्षता डॉक्टर उमेश कुमार गुप्ता संचालन कामाख्या नारायण मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रधान नुरुल होदा, रंजीत खरवार,प्रधान , हियुवा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मद्धेशिया, पूर्व प्रधान राममिलन प्रसाद, सोनु जयसवाल प्रधान , डा. सुबाष चन्द्र, राम भजु बी डी सी ,हीरा गुप्ता, लक्ष्मण प्रसाद ,सफीक असारी, बीडीसी अंजेश भारती, लल्लन निषाद, हीरालाल मद्धेशिया, आजाद आलम, , अरविंद कुमार तर्कशील (पत्रकार अमिट रेखा) राजेश मद्धेशिया, दिलीप मद्धेशिया, अजय मद्धेशिया,







दिनेश मदेशिया, रम्भु मदेशिया ,बबलू मद्धेशिया,सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस सम्मान समारोह को सफल बनाने में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार कामाख्या नारायण मिश्र एवं पत्रकार अशोक कुमार सिंह की भूमिका मुख्य रहा।

## थाना कोठीभार पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। पुलिस अधीक्षक महराजगंज प्रदीप गुप्ता के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना कोठीभार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 109ध्21 धारा 354ध्504 भा0द0वि0 व 7ध्8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त संजय पुत्र स्व0 सुभाष निवासी गुरली रमगढ़वा थाना कोठीभार जनपद महराजगंज को मुखबिर खास की सूचना पर उसके घर (पता उपरोक्त) से गिरफ्तार किया गया एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।गिरफ्तार वांछित अभियुक्त-संजय पुत्र स्व0 सुभाष निवासी गुरली रमगढ़वा थाना कोठीभार जनपद महराजगंज गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 दिनेश कुमार पाण्डेय थाना कोठीभार जनपद महराजगंज का0 अभय नारायण सिंह थाना कोठीभार जनपद महराजगंज।का0 उमेश कुमार थाना कोठीभार जनपद महराजगंज

## तमकुहीराज से भुलिया बाजार होते हुए सिसवा तक मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त

अमिट रेखा - रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज से भुलिया बाजार होते हुए सिसवा तक मुख्य सडक क्षतिग्रस्त होकर जगह जगह टूट गया है । बताते चलें कि लोक निर्माण खण्ड कसया के लापरवाही एवं उदासीनता के कारण यह मुख्य मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है ।सनद रहे कि तमकुहीराज मुख्यालय से भुलिया बाजार होते हुए सिसवा तक मुख्य सडक पर सैकड़ों गांवो के लोगो का एक मात्र मुख्य सडक है।इस सडक पर चलने वाले लोग आये दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं ।यह सडक बरसात के पूर्व से गड्ढे में तब्दील मार्ग पर लोक निर्माण विभाग कोरम पूरा करने के नाम पर झावा ईंट गिराकर छोड़ रखा है । गौरतलब है कि तमकुहीराज से भुलिया बाजार होते हुए सिसवा रोड पर इसी गड्ढे युक्त सडक पर माह जून के महीने में तीन लोग अपनी जान गवां चुके हैं फिर भी सम्बन्धित विभाग के लोगो की कान पर जूं नहीं रेंगी रही है । तमकुहीराज से भुलिया बाजार होते हुए सिसवा तक की पिच सडक जर्जर होने व बरसात का पानी भर जाने से इस सडक पर आने जाने वाले के लिए परेशानी का सबब बन गया है ।आये दिन पैदल व मोटर साइकिल से आने वालो के गिरने का सिलसिला बेमरौव्वत जारी है ।यह जर्जर पिच सडक खुलआम मौत का दावत दे रहा है क्यो कि लोक निर्माण विभाग की उदासीनता समझे या लापरवाही ।यह सडक बुरी तरह से टूट गया है जिससे कितने लोगों को अपने आगोश में लेगा यह ऊपर वाले ही जाने । इस सम्बंध मे ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग को कई बार अवगत कराया लेकिन उसके उदासीनता के चलते सडक जस के तस है। इस सडक पर भुलिया बाजार के पास तालाब बन कर लोगों को मुंह चिढा रहा है । आप को बताते चलें कि समाज सेवी राधेश्याम यादव का कहना है कि तमकुहीराज से भुलिया बाजार होते हुए सिसवा तक पिच सडक काफी दिनों से खराब पडा है ।इस सडक को बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ने धरना प्रदर्शन भी किया है ।समाजसेवी राधेश्याम यादव ने चेतावनी दिया है कि अगर एक माह के अन्दर कार्य शुरू नहीं किया गया तो आन्दोलन होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव का केक काट कर जन्म दिवस मनाया गया

अमिटरेखा चन्द्रशेखर यादव ( सह- सम्पादक)

कुशीनगर। युवा हृदय सम्राट समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री,एवम उत्तर प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री मा. अखिलेश यादव का जन्म दिन समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय जोकवा बाजार में केक काटकर संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। जन्मदिन समारोह को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ समाजवादी चन्द्रशेखर यादव लड्डू ने कहा कि जनता वर्तमान भाजपा सरकार से बुरी तरह से त्रस्त होकर माननीय अखिलेश यादव के सुनहरे शासन काल को याद कर रही है। सपा विधान सभा अध्यक्ष हरिलाल यादव ने कहा कि सभी समाजवादी मा. अखिलेश यादव के जन्मदिन को संकल्प दिवस के रूप में मनायें। अन्त में जन्मदिन समारोह के आयोजक सपा ब्लॉक अध्यक्ष उस्मान गनी नूरी नें सभी समाजवादी साथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रपंचायत सदस्य श्रवण कुमार गुप्ता,प्रधान फौजी यादव,सुनील कुमार गुप्ता उर्फ परवाना, अभिषेक लड्डू यादव,सुदामा प्रसाद,अंशुमान सिंह यादव,अनिकेत वर्मा, इसराफिल अली,रफीउल्लाह शाह,मुन्ना पटेल, अहमद रजा, आशुतोष कुमार पटेल,संदीप कुमार, इस्लाम अंसारी,सफी अंसारी,सुनील विश्वकर्मा,सहित बड़ी संख्या में समाजवादी उपस्थित रहे।।

## कोविड-19 के प्रति लोगों में जगी जागरूपता

**- बृहस्पतिवार को टीका लगवाने के लिए सीएचसी तमकुही राज में उमड़ी भीड़**
**- को वैक्सीन का टीका लगाया गया वहीं कोविड शिल्ड का टीका दूसरा डोज लोगों को नहीं लगा मायूस होकर लोग घर लौट गए**

अमिटरेखा - कृष्णा यादव

तहसील प्रभारी

तमकुही राज - कुशीनगर। गुरुवार के दिन तमकुही राज स्थित सीएचसी पर कोविड-19 का टीका लगवाने के लिए जागरूक ग्रामीणों की भीड़ लग गई अस्पताल में उपलब्ध टीका के आधार पर को वैक्सीन का टीका सभी लोगों को लगाया गया आज दूसरा डोज लगवाने के लिए लोग अस्पताल के बाहर बैठे थे, जिन्होंने बताया कि कोबिट सिल्ड का टीका नहीं आया है नहीं इसके बारे में कोई अधिकारी जानकारी दे रहा है इस संबंध में टीकाकरण करने वाले कर्मचारी विजय कुमार ने बताया कि कल या परसों में कोबिट सिल्ड का टीका आने वाला है उसके बाद दूसरा डोज का टीका लगाया जाएगा इस बात को सुनकर दूसरा डोज का इंजेक्शन लेने वाले ग्रामीण मायूस होकर अपने अपने घरों को चले गए मौके पर कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं था जिससे पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सके।

## अपर जिलाधिकारी द्वारा बी. सी. सखी के नए बैच का उद्घाटन

अमिट रेखा इमरान अंसारी

लार – देवरिया। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, देवरिया के आरसेटी सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बी. सी. सखी के प्रशिक्षण के नये बैच जिसमें 35 प्रशिक्षणार्थी है, जिसका का उद्घाटन आज अपर जिला अधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज जी द्वारा किया गया। उन्होने इस प्रशिक्षण को महिला शसक्तीकरण की दिशा में उ०प्र० सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए महिलाओं को खुदमुख्तारी होने की जानकारी दी। इस अवसर पर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय प्रबन्धक एस. के. उपाध्याय, अग्रणी जिला प्रबन्धक राकेश कुमार ने अपर जिलाधिकारी महोदय जी का स्वागत किया। यह प्रशिक्षण एक सप्ताह का होगा इसके बाद उत्तीर्ण प्रशिक्षु अपन– अपने गाँव में जाकर बैंक मित्र के रूप में बैंकिंग सुविधा हेतु कार्य कर सकेंगे। इन का मुख्य कार्य बैंक खाते से घर –घर जाकर जमा व् निकासी करवाना है। स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की सेवाएं प्रदान करना है। इस मौके पर सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ प्रबन्धक राकेश कुमार, आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार द्विवेदी, आदित्य कुमार वर्मा, अमरनाथ मणि त्रिपाठी इत्यादि उपस्थित रहे।




## भूमि विवाद में तलवार से हमला कर हाथ काटा स्थिति गंभीर

अमिट रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज

भूमि विवाद को लेकर एक व्यक्ति का तलवार से हाथ काट दिया गया है। मामला गोपालपुर थाने के लाछपुर का है जहां आज



दो पक्षों में सुबह–सुबह भूमि विवाद हो गया जिसको लेकर जमकर मारपीट हुई उसी में एक पक्ष के घनश्याम ओझा और उनके पुत्रों द्वारा तलवार से हमला करते हुए धीरेंद्र ओझा के हाथों पर वार कर हाथ काटने का आरोप है जिससे उनका हाथ बुरी तरह से कट गया और काफी सारा खून गिरने लगा जिसके बाद परिजन अस्पताल लेकर भागे जहां से डॉक्टरों ने गोरखपुर रेफर कर दिया प्राप्त सूचना अनुसार गोरखपुर में सर्जरी कर किसी तरह डॉक्टरों ने धीरेंद्र ओझा के हाथों को बचाया है वहीं इस मामले में पुलिस के द्वारा भी त्वरित कार्रवाई करते हुए घनश्याम ओझा, पुरुषोत्तम ओझा, श्री राम ओझा और एक महिला सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं इस घटना में एक देसी कट्टा और तलवार भी बरामद किया गया है इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## अबू असीम आजमी के स्वागत में जुटे सपाई

अमिटरेखा चन्द्रशेखर यादव (सह सम्पादक )

कुशीनगर। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक व पूर्व सांसद जनाब अबू असीम आजमी साहब दिनाँक 02 जुलाई 2021 को दोपहर दो बजे गोरखपुर एयरपोर्ट से फोर लेन सड़क मार्ग कुशीनगर के रास्ते बिहार एक कार्यक्रम में जाने वाले है। जिसकी खबर सुनकर सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक उक्त यात्रा की सूचना सयुस के राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह दी है । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेता आजमी साहब का स्वागत राष्ट्रीय राज्य मार्ग 28 हाटा, कुशीनगर एवं पूर्व मंत्री माननीय ब्रह्माशंकर त्रिपाठी के कसया स्थित आवास पर प्रेस वार्ता भी करेंगे। साथ ही साथ जोकवा बाजार, फाजिलनगर , पटहेरवा व तमकुही में स्वागत प्रस्तावित है सम्बंधित क्षेत्र के समाजवादी साथीयो द्वारा गाजे बाजे के साथ स्वागत करेंगे ।



## हेतिमपुर से महुआडीह सडक एन एच 28 पर किया जा रहा है पैचिंग कार्य

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने हेतिमपुर से महुआडीह सडक एन एच 28 के खराब स्थिति तथा गड्ढे बने होने को अत्यन्त गंभीरता से लिया तथा अधिशासी अभियंता आरईएस को पैचिंग कार्य को तत्कालिक रुप से किये जाने का निर्देश दिया। जिसके क्रम में आरईएस द्वारा इस रोड पर गड्ढा को भरने के लिये पैचिंग– लेपन कार्य किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता आरईएस ने बताया कि यह कार्य आगे भी जारी रहेगा।



# तालाब में डुबोकर युवक की हत्या

**– 4 घंटे तक शव को रखकर घर पर दिया धरना**

**– एसडीएम पट्टी व सीओ पट्टी के समझाने बुझाने पर पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए परिजन**



अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ। थाना आसपुर देवसरा के डाही गांव में बृहस्पतिवार की सुबह शौच को गए युवक की तालाब मे डुबोकर की हत्या पड़ोसी से चल रहा था जमीनी विवाद, हत्या की सूचना से पूरे गांव में दहशत फैल गई इधर परिजन घर पर ही शव को रख कर पीएम कराने से इनकार किया सूचना पर एसडीएम पट्टी व सीओ पट्टी पहुंचे इनके अश्वाशन के बाद परिजन हुए पोस्टमार्टम के लिए तैयार चार घंटे तक चलता रहा धरना प्रदर्शन पत्नी ने थाने मे नामजद तहरीर दी। आसपुर देवसरा थाना के गांव डाही मे वृहस्पतवार की सुबह भारत गौतम 45 पुत्र प्यारेलाल सुबह 8:30 बजे शौच के लिए घर से दक्षिण तरफ तालाब की ओर गया था वहां पहले से ही पड़ोस के लोग मौजूद थे जिससे इनका जमीनी रंजिश को लेकर विवाद चल रहा था विपक्षियों द्वारा भारत को तालाब में खींच कर ले गए उसके साथ मारपीट करते हुए तालाब में उसका सिर डुबोकर उसकी हत्या कर दिए हल्ला गुहार सुनकर मृतका की पत्नी व उसका भाई मौके पर पहुंचे तो हत्यारे जंगल की तरफ भाग निकले हत्या की सूचना पूरे गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई और धीरे–धीरे भीड़ जमा होने लगी इधर सूचना पर पहुंची आसपुर देवसरा पुलिस तो परिजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया इसके बाद एसडीएम पट्टी धीरेंद्र प्रताप सिंह सीओ पट्टी दिलीप सिंह पट्टी कोतवाल गणेश प्रसाद सिंह पहुंचे और ग्रामीण व परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर के परिजन पोस्टमार्टम के लिए तय हुए 4 घंटे तक धरना प्रदर्शन गांव में चलता रहा पत्नी मीरा देवी के द्वारा नामजद तहरीर थाने मे दी गई। पुलिस शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## डाक्टरर्स डे पर धनवन्तरि सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**– कोविड से हम आगे भी सर्तक रहने की जरुरत:डीएम**

**– भारत रत्न डा बिधान चन्द्र राय की चिकित्सा सेवायें हम सभी के लिये प्रेरणादायी**

**– कोविड संक्रमण से जान गवाने वाले चिकित्सको, स्वास्थ्य कर्मियों को दी गयी श्रद्धाजंलि, रखा गया दो मिनट का मौन**

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। डाक्टरर्स डे के अवसर पर अमर उलाजा फाउन्डेशन एवं आईएमए तथा स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में कोरोना से जंग में जान गवाने वाले डाक्टरो को श्रद्धाजंलि कार्यक्रम का आयोजन सीएमओ कार्यालय के धनवन्तरि सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा आलोक पाण्डेय, डा सुरेन्द्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों व चिकित्सकों ने अपनी प्रतिभागिता की। कोरोना में शहीद चिकित्सकोध्स्वास्थ्य कर्मियों को श्रद्धाजंलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने कहा कि भारत रत्न डा0 बिधान चन्द्र राय के जन्म एवं मृत्यु दिवस 01 जुलाई को डाक्टर डे के रुप में मनाया जाता है। उन्होने चिकित्सा को एक अभुतपूर्व गरिमा प्रदान की है। उनके द्वारा की गयी चिकित्सा सेवायें स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सको के लिये काफी प्रेरणादायी है। उन्होने कहा कि कोरोना से अपना देश एतिहासिक लडाई लडी। सभी स्वास्थ्य विभाग सहित सभी लोगो ने अपनी पूरी प्रतिबद्धता से इस बीमारी से युद्ध लडा और सफलता भी हासिल किये। इसके लिये अन्तःस्थल से श्रद्धाजंलि अर्पित करता हूँ। कोविड की लडाई अभी मध्य की लडाई है, खत्म नही हुई है, हमे सजग व कमर कसने की आवश्यकता है। दवा के अलावा सकारात्मक दृष्टिकोण अत्यन्त ही आवश्यक है तथा कोविड मरीजो के साथ संवाद भी बहुत ही जरुरी है, इससे उन्हे संबल मिलता है और वे कोरोना बीमारी से सफल होने में उन्हे बल मिलता है। उन्होने कहा कि इस कोविड लडाई में सभी स्तरो पर समन्वय बहुत ही आवश्यक है और हर किसी परिस्थिति से निपटने में हम आगे भी सफल होगें, इसके लिये सभी को मिल कर कार्य करने की जरुरत है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा आलोक पाण्डेय ने डाक्टरर्स डे पर चिकित्सको एवं स्वास्थ्य विभाग की अद्म्य सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोविड 19 के प्रति सभी ने संकल्प भाव से कार्य कर लोगो का इलाज व जान बचाने का कार्य किया। हमे डाक्टर बिधान चन्द्र राय के सेवा भाव से प्रेरणा लेनी चाहिये। विनोद तिवारी ने इस आयोजन में आये सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि कोविड में अपनी जान का परवाह किये बिना मरीजो की चिकित्सा सेवा करने वालो एवं चिकित्सकों पर हम सभी को गर्व है एवं इस बीमारी से अपनी जान गवाने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों एवं चिकित्सको के प्रति श्रद्धाजंलि अर्पित करते है। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। संचालन बैद्य अखिलेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में डा0प्रकाश श्रीवास्तव, डा एच के मिश्र, डा संजय चन्द्र, डा वी पी सिंह, डा0 एस के चौधरी, डा0 जफर नवीस, डीसीपीएम राजेश गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी आदि उपस्थित रहे।




## मानव सभ्यता के आरम्भ से लेकर आज तक

**– महिलाओं ने पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिवार, समाज, राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण दिया है योगदान**

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। आज महिलायें जीवन के हर क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नही है बल्कि अनेक क्षेत्रों में वे पुरूषों को अपने कार्यों से प्रभावित कर रही है उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश में बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य व लिंगानुपात की समस्या को सुधारने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना संचालित की है। बालिकाओं के प्रति आम जन मानस में सकारात्मक सोच का निर्माण करना इस योजना का प्रमुख लक्ष्य है। ताकि लोग कन्या जन्म को बोझ न समझे। योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार कन्या के जन्म पर प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इस योजना से प्रदेश में बालिका शिक्षा को बढ़ावा एवं प्रदेश में समान लिंगानुपात स्थापित होने में भी सहायता मिल रही है इस योजना में विभिन्न चरणों में लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती हैं जिससे बालिकाओं की समय–समय पर उनके पालन–पोषण व शिक्षा में आने वाली आवश्यकताओं को लेकर परिवार के दायित्व को कम किया जा सकें। एक स्वस्थ व शिक्षित बालिका परिवार का सम्बल होती हैं जो राष्ट्र के विकास को गति देती हैं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत बालिकाओं के जन्म से लेकर उसके डिग्री या डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने तक विभिन्न चरणों मे सहायता राशि का हस्तांतरण सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सेवा (पी.एफ.एम.एस.) के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते मे किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थी की पात्रता के सम्बन्ध में यह निर्धारित किया गया हैं कि वह परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए। उसकी पारिवारिक आय वार्षिक रूपये 3.00 लाख से अधिक नही होनी चाहिए तथा परिवार मे अधिकतम दो बच्चें होने चाहिए। योजना के अन्तर्गत बालिकाओं के जन्म के समय रूपये 2000ध– की राशि का हस्तांतरण किया जाता है, इससे बालिका का पोषण व स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में परिवार को सहायता मिलती है। 1 वर्ष की आयु में निर्धारित टीकाकरण पूर्ण कर लेने पर रूपये 1000ध– प्रदान किए जाते है। कक्षा 1 में प्रवेश लेने पर (बालिका की शिक्षा के औपचारिक रूप से शुरू होने पर) 2000ध–, कक्षा 6 में प्रवेश के समय रूपये 2000ध–, कक्षा 9 में प्रवेश के समय रूपये 3000ध– प्रदान किए जाते है। पुनः डिग्रीध डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर रूपये 5000ध– प्रदान किए जाते है। इस प्रकार बालिका के जन्म से लेकर उसकी डिग्रीधडिप्लोमा की शिक्षा के स्तर तक कुल 15000ध– रूपए की सहायता प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। जिससे लाखों परिवारों को बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पालन–पोषण को लेकर चिंताएं कम हुई है। तथा बेटियों को सुरक्षित परिवेश मिला है, जिससे वे प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए सशक्त बन रही है। प्रदेश सरकार द्वारा योजना की शुरूआत से अब तक लगभग 7.59 लाख लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है, जो इस योजना की सार्थकता सिद्ध कर रही है।

## नगर पंचायत तमकुही राज हरिहरपुर गांव में समस्याओं का अंबार

**– जल निकासी की समस्या विद्वान डूब गई है खेती इस वर्ष नही होगी किसानी ,पड़ गए दाने के लाले**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव

तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। प्राप्त खबरों के अनुसार तमकुही राज नगर पंचायत स्थित हरिहरपुर गांव में पंचायत भवन के पास महेंद्र वर्मा की तीनो भाई की जमीन में जल निकासी का प्रबंध नहीं होने के कारण गांव पानी, बरसात का पानी ,आ करके पूरा भर गया है जिससे पूरी जमीन जल प्रभावित हो गई है। पानी नालियों में भर गया है नालियों का पानी सड़क पर निकल रहा है ,जिससे सड़क की दीन दशा खराब हो चुकी है अगर जल निकासी का प्रबंध नहीं कराया गया तो महेंद्र वर्मा की सारी भूमि का पानी 2 महीनों तक निकल नहीं पाएगा इस खेत में खरीफ की फसल नहीं वही जा सकती है जिससे महेंद्र वर्मा के तीनो भाई का परिवार के सामने भोजन की समस्या उत्पन्न हो जाएगी यह गरीब परिवार दाने दाने के लिए मोहताज हो जाएगा सड़क पर चलना दूभर है वही पूर्व में बनी पंचायत भवन की दीवार फट गई है पंचायत भवन में गांव की गरीब लोगों का इस बरसात में बसेरा ना हो करके अधिशासी अधिकारी के आदेश पर दूरसंचार विभाग के कर्मचारी पंचायत भवन को अपना निवास बना दिए हैं गांव में पूर्व में बने शौचालय बरसात में ध्वस्त हो चुके हैं गांव के लोगों ने शौच के लिए सड़कों तथा खेतों को शौचालय के रूप में उपयोग कर रहे हैं जिससे विवाद बढ़ता जा रहा है कई जगह गाली गलौज भी हो चुका है इस गांव में जो भी शौचालय बनाए गए हैं वह ठेकेदारी प्रथा से बनाए गए हैं जो बरसात में धवस्त होते जा रहे हैं इसकी देखरेख करने वाला इसको पूछने वाला कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं है इस गांव की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है जल निकासी शौचालय की समस्याएं इस बरसात में उत्पन्न हो चुकी है सड़क पर चलना दूभर है पंचायत भवन से लेकर भागी यादव के दरवाजे तक सड़के टूटी गई हैं सड़कों पर पानी जमा हुआ है पानी निकलने की कोई व्यवस्था नहीं है ऐसी स्थिति में हरिहरपुर के ग्रामीण परेशान बेहाल हैं ,वह अपनी पीड़ा अखबारों के माध्यम से उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का कार्य करके इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## वन महोत्सव कार्यक्रम के किया गया शुभारंभ भेउसा उर्फ बनकटा

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। हरनही तहसील अंतर्गत विकासखंडखजनी भेउसा उर्फ बनकटा मेंआज दिनांक 1– 7 –2021 को खजनी रेंज के अंतर्गत ग्राम सभा भेउसा उर्फ बनकटा बनकटा वन महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ में क्षेत्रीय विधायक संत प्रसाद के द्वारा के आम के पौधों का रोपण किया गया इस दौरान खजनी रेंज के देवेंद्र कुमार प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी , सूरज शर्मा वन दरोगा, बुद्धेश कुमार वनरक्षक , अमित कुमार राम सभा यादव एव ग्राम वासी उपस्थित रहे आज पर्यावरण सुरक्षा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भेउसा उर्फ बनकटा में खजनी के लोकप्रिय विधायक सन्त प्रसाद जी के द्वारा बृछारोपड किया गया।

## पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा डायल यूपी 112 परिवहन कार्यालय का उद्घाटन किया गया

अमिट रेखा ब्यूरो

देवरिया। दिनांक 01.07.2021 को अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री राजेश कुमार सोनकर द्वारा पुलिस लाइन देवरिया में



नव निर्मित भवन यूपी 112 परिवहन कार्यालय के उद्घाटन के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक देवरिया डॉ श्रीपति मिश्र को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा नवनिर्मित कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात कार्यालय का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं को देखा गया । डायल यूपी 112 के वाहनों संबंधित कार्यों का संचालन किया जायेगा।

## एक्यूट इंसेफेलाइटिस तथा जापानी इंसेफलाइटिस के बढ़ते देखते हुए जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री तत्काल बुखार के रोगियों को चिन्हित कर उसे इंसेफलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा जागरूकता प्रचार प्रसार का कार्य भी किया जाए। इस प्रकार की कार्यवाही समय से नहीं करने पर आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा सकती है, साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया है सौंपे गए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आने पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जा सकती है विदित हो कि जनपद में दिमागी बुखार के 41 मामले तथा जापानी इंसेफेलाइटिस के 4 मामले है इनमें से दो मामले में रोगी की मृत्यु हो चुकी है इस संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा बार–बार कोविड नियमित समीक्षा बैठक में यह निर्देशित किया जाता है कि संबंधित अधिकारी पूरी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण करें। इस टीम में संबंधित बी डी ओ, एम ओ आई सी, सी डी पी ओ इत्यादि शामिल रहेंगे। इस संदर्भ में उन्होंने हर पहलू पर एक फॉरमेट के तहत रिपोर्ट बनाने को निर्देशित किया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोविड नियमित समीक्षा बैठक

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन प्लांट, टीकाकरण, मेडिकल इक्विपमेंट्स और एक्यूट एन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम (दिमागी बुखार) तथा जापानी इंसेफ्लाइटिस के संदर्भ में चर्चा किया उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन प्लांट, पाइपलाइन, बिजली इत्यादि कार्यो की रिपोर्ट ली तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मेडिकल इक्विपमेंट्स के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अंतर्गत अल्ट्रासाउंड, एक्स–रे मशीन, वेंटिलेटर इत्यादि के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की गई, तथा जिन मेडिकल इक्विपमेंट की आपूर्ति नहीं हो पाई है उसके बारे में यथाशीघ्र कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। दिमागी बुखार तथा जापानी इंसेफेलाइटिस के संदर्भ में स्थलीय निरीक्षण के बारे में उन्होंने पूछताछ की। संबंधित अधिकारी के द्वारा उस स्थल का निरीक्षण किया गया है कि नहीं, आशा ने इस संदर्भ में तत्काल कार्यवाही की है कि नहीं, ईटीसी में भर्ती करने की तिथि इत्यादि के बारे में जिलाधिकारी ने जानकारी ली। सचल दल गाड़ी के क्रियाशील होने संबंधित जानकारी उन्होंने अपर जिलाधिकारी से प्राप्त की । मिली जानकारी के अनुसार 7 गाड़ियां क्रियाशील हो गयी है। टीकाकरण के संदर्भ में यह जानकारी प्राप्त हुई कि आज 15 सेशन लगे हैं। जिला अस्पताल में जलभराव की समस्या के संदर्भ में भी जिलाधिकारी महोदय ने बातचीत की तथा जलभराव की समस्या को यथाशीघ्र दूर कर लेने का निर्देश दिया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 नरेंद्र गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## खड्डा थाने को तहरीर देकर पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

अमिट रेखा – जितेंद्र कुमार भारती

खडा – कुशीनगर। जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेंग्रामसभा बिंदवलिया टोला जीयनपुर के पीड़िता ने स्थानीय थाने को गांव ही के यादव बिरादरी के ऊपर बुरी तरीके से मारने पीटने की आरोप लगाते हुए खड्डा थाने को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि प्रार्थी गीता देवी पत्नी सुदर्शन ग्राम बिंदवालिया टोला जीयनपुर थाना खड्डा कुशीनगर का मूल निवासी है तथा दिनांक 29,6,2021 को सुबह करीब 9 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उपरोक्त निवासी बबलू यादव पुत्र गुरुक यादव राधे यादव पुत्र अज्ञात यादव ने मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए मेरे द्वार गाली देने से मना करने पर उपरोक्त लाठी–डंडों से बुरी तरह जमीन पर पटक पटक कर मारे पिटे हैं कि बचाने मेरे पति सुदर्शन आए हैं तो उन्हें भी बुरी तरह से मारे पिटे हैं जिसमें मुझे व मेरे पति को गंभीर चोटेंआई हैं जिसकी सूचना स्थानीय थाने को दे रही हूँ जबकि पिंडिता ने बताई है कि पुरानी जमीनी रंजिश का मामला चल रहा है जिसको लेकर यह यादव बिरादरी के लोग हमको हमारे पति को बुरी तरीके से मारे पीटे हैं जो किपिंडिता के दाया बाजू में कटा है और सर में भी गहरा चोट लगा है परन्तु जब विवाद हुआ तो पीड़िता के परिजनों ने 112 नंबर पुलिस को डायल कर वहां बुलवाएं मौके पर पहुंचे 112 नंबर पुलिस ने घटनास्थल को देखते हुए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड्डा तुर्कहा में मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. - 9532989009

उप सम्पादक - के.के. राय

सह. सम्पादक- चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी- राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०- 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक- नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक- निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।